अम्बर ऑफसेट प्रा. लि.
केडलगंज, अलवर
अत्याधुनिक छपाई का विश्वसनीय स्थान
अत्याधुनिक तकनीक से प्लेट मेकिंग, ग्राइंडिंग एवं नेगेटिव, पोजिटिव के लिए सम्पर्क करें-
फोन नं.- 2335105


# सांध्य ज्योति दर्पण

www.dainiksandhyajyotidarpan.com

वर्ष 35 | अंक 130 | अलवर, सोमवार, 12 मई 2025 | जयपुर, अलवर, नागौर व भरतपुर से एक साथ प्रकाशित | पृष्ठ 8 मूल्य : एक रु.

बहरोड़, भिवाड़ी, राजगढ़, तिजारा, कोटकासिम, थानागाजी, मालाखेड़ा, लक्ष्मणगढ़, किशनगढ़बास, कठूमर, खेड़ली, बानसूर, खैरथल, गुरुग्राम, धारूहेड़ा व रेवाड़ी से प्रसारित


अम्बर ऑफसेट प्रा. लि.
केडलगंज, अलवर
अत्याधुनिक छपाई का विश्वसनीय स्थान
अत्याधुनिक तकनीक से प्लेट मेकिंग, ग्राइंडिंग एवं नेगेटिव, पोजिटिव के लिए सम्पर्क करें-
फोन नं.- 2335105

## बढ़ते अलवर शहर की आबादी और बाजारों में यातायात के प्रबंध 'ऊंट के मुंह में जीरा' समान

### दुपहिया, चौपहिया, ई-रिक्शों के खड़े रहने से आमजन भारी परेशान





फोटो : मोहन शर्मा



**सतीश शर्मा**

**अलवर, 12 मई।** शहर में यातायात पुलिस की नाकारा कार्यशैली के चलते यातायात व्यवस्था चौपट है । सड़कों पर बीच रास्ते में वाहनों को खड़ा करने से यातायात पूर्णतः बाधित है और यातायात पुलिस मूक-दर्शक बनकर खड़ी रहती है। बीच सड़क पर वाहन खड़ा करने से जाम की स्थिति बनती है और अन्य वाहनों को आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। शहर के दुकानदारों का कहना है कि लोग बीच सड़क पर वाहन खड़े करके चले जाते हैं। यातायात पुलिस को कहने पर भी वह ध्यान नहीं देती है।

यातायात पुलिस का ध्यान तो बाहर की गाड़ी एवं बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों पर रहता है, उनको देखते ही तुरंत ऑनलाइन चालान काटने के लिए भागते रहते हैं। यातायात व्यवस्था पूर्णतः चौपट हो चुकी है। दुकानदारों ने बताया कि शहर में लाल गेट बजाज बाजार, होप सर्कस के आसपास लोग दुकान खुलते ही बीच रास्ते में चौपहिया व दुपहिया वाहनों को खड़ा करके चले जाते हैं। जिससे आम जनता परेशान होती है। दुकानदारों में मारामारी होती है। गाड़ियां में भिड़ने पर झगड़े होते हैं। रोड जाम हो जाता है।

इन सभी बातों से यातायात पुलिस का कोई सरोकार नहीं है। यातायात पुलिस कहने पर भी कार्रवाई नहीं करती है। बाजारों में रोजाना की यही कहानी सुबह से शाम तक बनी रहती है।

शहर में विभिन्न स्थानों पर हालत खराब : शहर में यातायात व्यवस्था को लेकर विभिन्न स्थानों पर हालत खराब रहते हैं। शहर के बजाजा बाजार, कटला, चर्च रोड, काशीराम चौराहा, नंगली सर्किल, मालवीय नगर चौराहा आदि स्थानों पर यातायात व्यवस्था चौपट रहती है । इसके अलावा ज्योतिबा राव फूले सर्किल, नया बास चौराहा के आसपास सब्जियों की ठेलियां खड़े रहती हैं जो की मार्ग को अवरुद्ध करते हैं।

मालवीय नगर चौराहे पर यातायात पुलिस कर्मियों की जरूरत : मालवीय नगर चौराहे पर यातायात पुलिस कर्मियों की जरूरत है। इस चौराहे के नजदीक मिनी सचिवालय व सरस डेयरी है जहां पर लोगों का आना जाना रहता है।

इस चौराहे पर बीच रोड पर प्राइवेट वाहन सवारियों के चक्कर में खड़े रहते हैं। जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। इनको टोकने पर दादागिरी करते हैं और झगड़ा करने पर उतारू रहते हैं। यही नहीं प्राइवेट वाहनों के बीच सड़क पर खड़ा करने से रोडवेज बसों की सवारी को भारी परेशानी होती है।

कई बार सवारियों की बस भी छूट जाती है। स्थानीय लोगों ने मालवीय नगर चौराहे पर यातायात पुलिस लगाने की मांग की है।

## अवैध हथियार एवं कारतूस सहित व्यक्ति गिरफ्तार

**नौगांवा, 12 मई ( निसं )।** नौगांवा थाना पुलिस ने गांव शेखपुर से एक व्यक्ति को अवैध देशी कट्टा (12 बोर) एवं चार जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह के अनुसार, जिले में दो पक्षों के बीच झगड़े की सूचना पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा। शेखपुर में एक शख्स अपनी दुकान के पास संदिग्ध व्यवहार कर रहा था, जिसे समझाईश के दौरान पुलिस को देखते ही भागते हुए कट्टा छुपाते देखा गया।

पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी लेने पर अवैध कट्टा लोडेड मिली, साथ ही पैंट की जेब से तीन अतिरिक्त जिन्दा कारतूस बरामद हुए। आरोपी ने अपने नाम-जोगेंद्र सिंह, पुत्र वरियाम सिंह, उम्र 60 वर्ष, निवासी शेखपुर- की पुष्टि की। आरोपी के पास किसी भी प्रकार का लाइसेंस या परमिट नहीं था।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अवैध कट्टा एवं चार जिन्दा कारतूस जब्त कर लिए।

इस कार्रवाई में हैड कांस्टेबल भरत सिंह, कांस्टेबल रविन्द्र, ओमप्रकाश, महेश चंद, देवेंद्र कुमार व मनमोहन सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## गुरु गोरखनाथ के प्रकटोत्सव पर कई कार्यक्रम

**नारायणपुर, 12 मई ( निसं )।** नाथ संप्रदाय के संस्थापक एवं महान योगी संत गुरु गोरखनाथ का प्रकट उत्सव 12 मई को धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

नाथ समाज के ब्लॉक अध्यक्ष सुरज्ञानी योगी ने बताया कि प्रकट उत्सव के दौरान खेड़ापति पीर संज्यानाथ आसण से सुबह 8 बजे कस्बे के मुख्य बाजार से रथ यात्रा एवं झंडा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा नगरवासियों को संत गोरखनाथ की शिक्षाओं और संदेशों से अवगत कराएगी।

रथ यात्रा को क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत, विवेकनाथ महाराज एवं दर्शनी योगी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा और समाजजन भाग लेंगे।

आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजकों ने आमजन से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## जूली ने शहीद सुरेंद्र की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित किए

**जयपुर, 12 मई ( निसं )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले हमारा जवान देश के लिए जीता है, उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिक वीरता के लिए जाना जाता हैं, हमारे जवानों का अदम्य साहस और राजस्थान की वीरता का इतिहास शौर्य से परिपूर्ण रहा है।

मिशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान की कायराना हरकत का जवाब देते हुए झुंझुनू के मेहरादासी के लाल भारतीय सेना के वीर सपूत शहीद सुरेंद्र कुमार मोगा ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

जूली रविवार को झुंझुनू के मेहरा दासी में शहीद सुरेंद्र कुमार की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आंखों में गर्व के आंसू,पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे के साथ देश के लाल को अंतिम विदाई देने में जनसैलाब उमड़ पड़ा। उन्होंने कहा कि हमारे जांबाज जवानों ने हर बार की तरह इस बार भी मिशन सिंदूर के माध्यम से शौर्य और पराक्रम दिखाया और दुश्मनों के नापाक इरादों को नेस्तनाबूद कर दिया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र सुरक्षा का कर्तव्य निर्वहन करते हुए उधमपुर एयर बेस पर वीरगति को प्राप्त राजस्थान के वीर सपूत भारतीय सेना के जवान सुरेंद्र सिंह मोगा की शहादत को हमेशा याद किया जाएगा।

जूली ने बताया कि पूरे सैन्य सम्मान के साथ शहीद सिंह का अंतिम संस्कार किया गया।

## एक्सप्रेसवे पर कार का टायर फटने से मेजर की पत्नी की मौत

**अलवर, 12 मई ( नसं )।** जिले के नौगांवा थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक सड़क हादसे में सेना के एक मेजर की पत्नी की मौत हो गई, जबकि उनकी तीन वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई।

नौगांवा थाना पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल फजरुद्दीन के अनुसार, दिल्ली के दिलशाद गार्डन निवासी मेजर विक्रम गुप्ता अपनी पत्नी वैशाली वाजपेयी और बेटी रिहाना के साथ कोटा से दिल्ली लौट रहे थे। एक्सप्रेसवे पर 82 नंबर पुलिया के पास अचानक कार का टायर फट गया, जिससे वाहन बेकाबू हो गया। हादसे में कार की खिड़कियां खुल गईं, जिससे वैशाली और रिहाना दोनों बाहर जा गिरीं।

दुर्घटना में वैशाली की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन वर्षीय रिहाना को गंभीर चोटें आईं। बच्ची का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। रविवार को वैशाली के शव का पोस्टमॉर्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

जानकारी के अनुसार, मेजर विक्रम अपने परिवार के साथ कोटा में रिश्तेदारों से मिलने गए थे। वहां से वे दिल्ली लौट रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जोधपुरा में श्याम संकीर्तन 14 को

**नारायणपुर, 12 मई ( निसं )।** श्री श्याम बाल कृष्ण मंडल के तत्वावधान में ग्राम पंचायत कोलाहेड़ा के गांव जोधपुरा में स्थित सरकारी स्कूल के पास 14 मई को 19वां श्याम संकीर्तन आयोजित किया जाएगा।

संरक्षक गिर्राज शर्मा ने बताया कि बाबा जोनी महाकाल आर्ट क्लब द्वारा कस्बे के राधा-कृष्ण मंदिर से दोपहर 2 बजे से एक भव्य व आकर्षक झांकी यात्रा निकाली जाएगी। इसके उपरांत रात्रि 8.15 बजे से श्याम जागरण शुरू होगा।

## पर्यटकों को टाइग्रेस एसटी 9 की साइटिंग

**मालाखेड़ा, 12 मई ( निसं )।** सरिस्का बाघ परियोजना में पिछले तीन दिनों से पर्यटकों को बाघ की सजीव झलक देखने का सौभाग्य मिला है।

कुछ अवसरों पर जिप्सी के पास से टाइगर दिखाई दिया तो कहीं सफारी ट्रैक पर भयंकर सुंदर टाइग्रेस ने नज़रें टिका दीं। एक स्थान पर पार्क के पानी के गड्ढे में बाघिन विश्राम करती दिखी, जिसे देखकर पर्यटक रोमांचित हुए और कैमरे में कैद किया।



रविवार की सफारी में बड़ी संख्या में पहुंचे पर्यटक सरिस्का की सुंदरता का आनंद लेने के साथ-साथ टाइग्रेस एसटी 9 की साइटिंग से भी अभिभूत रहे। सरिस्का गाइड अर्जुन मीणा के अनुसार सुबह सफारी के दौरान बाघिन एसटी 9 दिखी, जिसने सभी का मन मोह लिया।

## सड़क विवाद में पिता-पुत्र पर कट्टे से फायर

**भिवाड़ी, 12 मई ( निसं )।** तिजारा के राईखेड़ा गांव में एक सड़क विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। राईखेडा गांव में 9 मई को दोपहर 3:30 बजे की घटना है। अशोक स्कूटी से शिवदास महाराज के आश्रम की ओर चाय लेकर जा रहा था। इसी दौरान मंडा गांव निवासी पिकअप चालक अजय ने उस पर हमला कर दिया।

घटना करवड़ मोड़ पर शुरू हुई, जहां अशोक ने एक ईंट से भरे ट्रैक्टर से अपनी स्कूटी बचाई। इसी दौरान अजय ने पिकअप से उसे टक्कर मारने की कोशिश की। चाय गिर गई और दोनों में कहासुनी हुई। अशोक बची हुई चाय लेकर आश्रम पहुंचा। अजय भी वहां आया और पिकअप की चाबी से अशोक के सिर पर वार किया। उसकी जेब से 16,700 रुपए भी छीन लिए। विवाद शाम को और बढ़ गया। 5:30 से 6 बजे के बीच अजय अपने पांच साथियों के साथ दो बाइक पर आया। सभी के हाथों में देसी कट्टे थे। कुछ ने चेहरे ढक रखे थे। आरोपियों ने अशोक और उसके पिता रूपचंद पर फायरिंग की। दोनों ने दीवार की आड़ में छिपकर अपनी जान बचाई।

हमलावरों में अजय, कृष्ण और चंदन की पहचान हो चुकी है। तीन अभी भी अज्ञात हैं। सभी मंडा गांव के रहने वाले हैं। रूपचंद की शिकायत पर तिजारा थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच कर रही है। इस घटना से क्षेत्र में तनाव है।

## घर में घुसकर महिला से मारपीट व लूट

**भिवाड़ी, 12 मई (निसं)।** तिजारा में शेखपुर थाना क्षेत्र के रभाना गांव में एक महिला के साथ मारपीट और लूट का मामला सामने आया है। घटना 9 मई की रात करीब 9 बजे की है। सचिन कुमार की पत्नी सुमित्रा घर पर उस समय अकेली थीं।

जानकारी के अनुसार मोनू, सोनू, गुड्डो देवी, राजू और सतपाल ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की। मोनू और सोनू ने सुमित्रा को जमीन पर गिरा कर बुरी तरह पीटा। मोनू ने लोहे की रॉड से उनके सिर पर वार किया। इससे उनके सिर से खून बहने लगा। आरोपियों ने सुमित्रा के कानों से सोने के कुंडल भी छीन लिए।

ड्यूटी से लौट रहे सचिन को रास्ते में राजू और सतपाल ने रोक लिया और उनके साथ भी मारपीट की। घर पहुंचने पर सचिन ने अपनी पत्नी को लहूलुहान और बेहोश पाया। सचिन के द्वारा तुरंत 108 एम्बुलेंस से सुमित्रा को तिजारा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। गंभीर चोट के कारण सुमित्रा को अलवर के लिए रेफर कर दिया गया।

शेखपुर अहीर थाने में पांचों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सब-इंस्पेक्टर इंद्रभान को जांच सौंपी गई है। स्थानीय लोग आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## सूने मकान का ताला तोड़कर सोना और गहने चोरी


**रामगढ़, 12 मई ( निसं )।** कस्बे की सारण कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया। बलजिंदर सिंह अपने परिवार के साथ राधा स्वामी सत्संग ब्यास सुनने गए थे। चोरों ने मकान के मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। उन्होंने अलमारी में रखे सामान को खंगाला। चोर एक जोड़ी सोने की कान की बाली, तीन जोड़ी गले की मोहर, एक जोड़ी सोने की अंगूठी समेत करीब 5.5 तोला सोना ले गए। इसके अलावा 14,000 रुपए नगद और अन्य सामान भी चोरी कर लिए।

बलजिंदर सिंह जब सत्संग से लौटे तो घर का ताला टूटा देखा। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया और मामला दर्ज कर लिया है। हेड कांस्टेबल विजय सिंह को जांच सौंपी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

**घर के बाहर से 5 मिनट में बाइक गायब चोरी :** रामगढ़ कस्बे के देव कॉलोनी में बाइक चोरी की एक और वारदात सामने आई है। मनीष कुमार शर्मा की बाइक उनके घर के बाहर से चोरी हो गई। मनीष ने बताया कि वह अलवर से आए थे और बाइक को घर के बाहर खड़ी कर अंदर चले गए थे। जब वह 5 मिनट बाद बाहर आए तो बाइक गायब थी।

काफी खोजबीन के बाद मनीष ने पुलिस कंट्रोल रूम (100) पर सूचना दी। इसके बाद रामगढ़ थाने में बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले 5 दिन पहले एक रेस्टोरेंट के बाहर से भी बाइक चोरी का प्रयास किया गया था। उस मामले में बाइक मालिक ने चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया था। रेस्टोरेंट के सीसीटीवी फुटेज में चोर को बाइक का लॉक तोड़ते हुए देखा गया था।

## पांडुपोल दरबार



सरिस्का की वादियों में श्रीहनुमानजी महाराज की प्रतिमा पर फूलों से आकर्षक शृंगार।


राजस्थान सरकार

गंगा विहार
जोन-13
(रेरा रजिस्ट्रेशन नं. RAJ/P/2023/2382)

यमुना विहार
जोन-14
(रेरा रजिस्ट्रेशन नं. RAJ/P/2025/3622)

सरस्वती विहार
जोन-12
(रेरा रजिस्ट्रेशन नं. RAJ/P/2025/3621)

तीन आवासीय योजनाओं में
765 भूखण्डों
हेतु ऑनलाइन आवेदन का शुभारंभ

श्री झाबर सिंह खर्रा
माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन विभाग, राजस्थान सरकार

के कर कमलों द्वारा किया जाएगा

तारीख़ : सोमवार, 12 मई 2025
समय : सायं 5:00 बजे
स्थान : ज.वि.प्रा. परिसर, जेएलएन मार्ग, जयपुर

आवेदन दिनांक 13.05.2025 से 12.06.2025 तक किए जा सकेंगे

लाइव देखने हेतु QR Code स्कैन करें।

गंगा विहार | यमुना विहार | सरस्वती विहार

आवदेन करने हेतु QR Code स्कैन करें

आवेदन करने से संबंधित विस्तृत जानकारी, जविप्रा की वेबसाइट www.jda.rajasthan.gov.in अथवा ई-मित्र कियोस्क केन्द्रों पर उपलब्ध हैं।
RERA Website:-http://rera.rajasthan.gov.in

जयपुर विकास प्राधिकरण

राजस्थान संवाद

# महाराणा प्रताप की जयंती मनाई

## हवा महल विधायक के आमेर रोड स्थित कार्यालय पर आयोजन



**जयपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाई हवा महल विधायक के आमेर रोड स्थित कार्यालय में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई इस अवसर पर हवा महल के विधायक स्वामी बाल मुकुंद आचार्य ने प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया एम श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहां महाराणा प्रताप ने मुगलों की अधीनता को स्वीकार नहीं किया उन्होंने वन में रहना मंजूर किया घास की रोटियां खाई प्रताप स्वाभिमानी थे उनमें अपनी मातृभूमि के प्रति लगाव था

हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए इस अवसर पर पूर्व पार्षद विक्रम सिंह तंवर मंडल अध्यक्ष अमित पारीक जयप्रकाश शर्मा गिरिराज वशिष्ठ संतोष गुप्ता मंजू सेन कल्पना अनीता शर्मा भावना सैनी खेल शंकर सैनी शुभम शर्मा चिमनलाल सैनी मदन नगर आदि कार्यकर्ताओं ने प्रताप के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

### जेईई एडवांस परीक्षा 18 मई को होगी

# ऑपरेशन सिंदूर के चलते 13 शहरों में 10 मई को नहीं होगी को मेडके परीक्षा



**कोटा।** देश में आईआईटी कानपुर की ओर से 18 मई को जेईई-एडवांस्ड परीक्षा होने जा रही है। इस परीक्षा के प्रवेश पत्र 11 मई को जारी होंगे। इससे पहले देश की इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं को लेकर ब?ा अपडेट आया। एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया- युद्ध के तनावपूर्ण हालात के चलते कर्नाटक के प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए होने वाली कोमेडके परीक्षा देश के 13 शहरों में स्थगित कर दी गई है। इन शहरों में जामनगर, अम्बाला, श्रीनगर, जम्मू, लुधियाना, भटिंडा, जालंधर, मोहाली, पटियाला, अमृतसर, जोधपुर, बीकानेर, श्रीगंगानगर शहर शामिल है। कोमेडके की ओर से जारी नोटिस के अनुसार- ऑपरेशन सिंदूर'के तहत भारत सरकार की ओर से जारी निर्देशों के अनुरूप, उपरोक्त शहरों को शैक्षणिक संस्थानों और प्रतिष्ठानों को बंद करने का निर्देश दिया गया है। ऐसे में इन शहरों के स्टूडेंट्स के लिए नई परीक्षा तिथि जारी की जाएगी। जेईई एडवांस्ड परीक्षा 18 मई को होनी है ऐसे में स्टूडेंट्स और अभिभावक को सलाह दी जाती है कि वे आईआईटी कानपुर जेईई एडवांस्ड की वेबसाइट पर ही उचित सभी जानकारी लेते रहे। परीक्षा को लेकर किसी और भ्रामक जानकारी पर विश्वास करें। जेईई एडवांस्ड परीक्षा के लिए अभी कोई नहीं जानकारी जारी नहीं हुई है।

# समर्थन मूल्य पर सरसों-चना खरीद आवंटित कृषक पंजीयन लक्ष्यों को आवश्यता के अनुरूप करें स्थानान्तरित

## राजफैड बढ़ाए जिलेवार एवं क्रय केन्द्रवार पंजीयन लक्ष्य की कैपिंग

**जयपुर।** सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां श्रीमती मंजू राजपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को समर्थन मूल्य खरीद का अधिक से अधिक लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सरसों एवं चना खरीद हेतु आवंटित कृषक पंजीयन लक्ष्य को ऐसे स्थानों पर स्थानान्तरित किया जाए, जहां किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर जिन्स विक्रय में अधिक रूचि ली जा रही है। श्रीमती राजपाल ने कहा कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में बाजार भाव अधिक होने के कारण पर्याप्त मात्रा में किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर जिन्स विक्रय के लिए पंजीयन करवाया गया है। जबकि, कई क्षेत्रों में पर्याप्त उत्पादन नहीं होने के कारण पंजीयन की संख्या कम है। अत- पंजीयन लक्ष्यों को स्थानान्तरित किया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि राजफैड के स्तर से जिलेवार एवं क्रय केन्द्रवार पंजीयन लक्ष्य की कैपिंग को बढ़ाया जाए, जिससे भारत सरकार द्वारा निर्धारित खरीद लक्ष्यों की पूर्ति की जा सके। राजफैड के प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद जुनैद ने बताया कि कई केन्द्रों की पंजीयन क्षमता पूर्ण हो चुकी है। ऐसे में इन केन्द्रों पर वर्तमान में आवंटित पंजीकरण क्षमता को दोगुना किया जाएगा। वहीं, जहां पंजीकरण प्रारम्भ होने के बाद नये केन्द्र स्वीकृत किए गए और जिनकी पंजीकरण क्षमता शून्य है, को 12 मई, 2025 से सरसों एवं चना हेतु 100-100 पंजीकरण के लक्ष्य आवंटित किये जाएंगे। इससे निर्धारित खरीद लक्ष्यों की पूर्ति हो सकेगी तथा किसानों को समर्थन मूल्य खरीद का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सकेगा।

# देश की विजय के लिए हज़ारेश्वर महादेव मंदिर में किया बगलामुखी हवन



**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ शहर के श्रीहजारेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमहंत चंद्रभारती महाराज के सानिध्य में शुक्रवार शाम को हवन और अभिषेक कर भारत देश की जीत के लिए कामना की गई। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और अखंड भारत के दर्शन के लिए आहुतियां दी। श्रीमहंत ने बताया कि पाकिस्तान ने जो आतंकी कार्रवाई की, उसे लेकर भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया। सेना के चलाए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए और अखंड भारत के दर्शन के लिए श्री हजारेश्वर महादेव मंदिर की ओर से विजय हवन यज्ञ किया। अपने जांबाज सैनिकों का हौसला बुलंद करने के लिए शक्ति केंद्र मां बगलामुखी, मां प्रतिज्ञा देवी के शाबर मंत्र से और विश्व कल्याण की कामना के लिए श्री महंत ने हजारेश्वर महादेव में यज्ञ किया। यज्ञ में महामृत्युंजय मंत्र की आहुति, मां बगलामुखी मां प्रत्यंगिरा देवी के शाबर मंत्र से आहुति दी गई। आचार्य श्रवण सामवेदी शास्त्री, पंडित विष्णु शर्मा, शिवप्रकाश शर्मा, मुकेश शर्मा, कालू शर्मा, दीपक शर्मा, प्रकाश शर्मा, जुगलकिशोर व्यास, छीतरमल शर्मा, गोपाल शर्मा, मुरलीधर शर्मा आदि ब्राह्मणों ने महामृत्युंजय मंत्र की आहुति दी। साथ ही हजारेश्वर महादेव का दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, फलों के रस से रुद्राभिषेक किया गया। इसमें गाय के 21 लीटर दूध से महादेव को रुद्री पाठ सुनाई। साथ ही महादेव से प्रार्थना की कि देश के सैनिकों की रक्षा होती रहे। चित्तौ?ग? हजारेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए व हवन में आहुतियां देते हुए श्रीमहंत।




श्री खोले के हनुमान मंदिर में प्रदोष महोत्सव पर श्री आनंदेश्वर महादेव के फूलों का श्रृंगार जिसमें ऑपरेशन सिंदूर की कल्पना की गई।

# अजमेर-संतरागाछी स्पेशल19 मई से 3 जुलाई के बीच 7-7 ट्रिप चलेगी, रेल यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**कोटा।** यात्रियों की भी? को क्लियर करने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने सोगरिया होकर अजमेर- संतरागाछी-अजमेर स्पेशल ट्रेन के दोनों दिशाओं में ट्रिप ब?ाए है। ये ट्रेन 19 मई से 3 जुलाई के बीच दोनों दिशाओं में 7-7 ट्रिप चलेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया- गा?ी 08611 संतरागाछी-अजमेर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल तक संचालित थी, जिसको 19 मई से 30 जून तक संचालित किया जाएगा। वापसी में गा?ी संख्या 08611 अजमेर-संतरागाछी स्पेशल ट्रेन 24 अप्रैल तक संचालित थी, जिसको 22 मई से 3 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। इस स्पेशल ट्रेन के फेरे ब?ाए जाने से अटरू, बारां, सोगरिया, बूंदी एवं मांडलग? के यात्रियों को आने जाने की सुविधा मिलेगी। यात्रियों से अपील है कि ट्रेन ब?ाए गए फेरों की जानकारी स्टेशन एवं ऑनलाइन या रेल मदद 139 से प्राप्त करें।

## अब 17 मई से होगा प्लेटफार्म नंबर 1 पर 43 दिन का ब्लॉक

पुनर्विकास कार्यों के चलते कोटा 10 मई से रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर लिया जाने वाला ब्लॉक अब 7 दिन के स्थगित किया गया है। अब ये ब्लॉक 17 मई शुरू होगा, जो 43 दिन तक चलेगा। ब्लॉक के कारण प्लेटफार्म नंबर 1 से संचालित की जाने वाली गा?ियां अन्य प्लेटफार्म से संचालित की जाएगी।

# 2 घंटे बारिश से मौसम सुहाना, ठंडी हवाएं चली

**रामगंजमंडी।** शहर सहित क्षेत्र में शुक्रवार को मौसम ने कई रूप दिखाए। कभी धूप निकली तो कभी बादल छाए। दिन में तेज बारिश हुई। इससे मौसम सुहाना हो गया। मई की तेज गर्मी में बारिश राहत बनकर बरसी। शहर में करीब दो घंटे तक बारिश चलती रही। क्षेत्र में बीते 26 अप्रैल से मौसम बदला हुआ है। 26 अप्रैल को आंधी व बारिश के बाद तीन-चार दिन मौसम साफ रहा। इसके बाद से लगातार बादलों की आवाजाही बनी हुई है। शहर में गुरुवार को भी दिन में करीब एक घंटे तक बारिश हुई थी। फिर बादलों की आवाजाही बनी रही। शुक्रवार को सुबह से ही बादल छाए रहे और ठंडी हवा चलती रही। फिर करीब 11 बजे से धूप निकली, लेकिन 12 बजे वापस बादल छा गए। घने काले बादल छाने से दोपहर में शाम जैसा नजारा हो गया। करीब साढ़े 12 बजे से शहर में तेज बारिश शुरू हो गई। 2 घंटे तक तेज बारिश का दौर चलता रहा। इससे शहर तरबतर हो गया और स?कों पर पानी बह निकला। इससे मौसम सुहाना हो गया और लोगों को मई की तेज तपन से कुछ राहत मिली। बारिश के बाद देर तक बादल छाए रहे। फिर धूप निकली। शाम को वापस बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। शहर में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले अप्रैल में अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया था। आगे क्या ॰ मौसम विभाग के अनुसार अभी मौसम ऐसा ही बना रहेगा।

कभी धूप तो कभी बादल छाएंगे। बादलों की आवाजाही बनी रहने की संभावना है। शहर के साथ आसपास के गांवों व कस्बों में भी शुक्रवार को तेज बारिश हुई। कहीं एक घंटे तो कहीं दो घंटे तक हुई बारिश से रास्तों पर पानी भर गया। कई गांवों में रास्तों पर पानी भरने से लोगों को परेशानी उठानी प?ी। ढाबादेह, असकली, मो?क, देवली आदि स्थानों पर भी दिन में तेज बारिश से रास्तों पर पानी भर गया।

# बमूलिया में संस्कृत कॉलेज के नए भवन का शिक्षा मंत्री दिलावर ने किया शिलान्यास



**बारां।** बमूलिया में राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय के नवीन भवन का शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को भूमि पूजन और शिलान्यास किया। ?ाई कराने से बनने वाले भवन के लिए राज्य सरकार ने वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। बारां से करीब 4 किमी दूर स्थित बमूलिया में फूंसरा रोड पर भवन निर्माण के लिए 1.3 एकड़ भूमि आवंटित की है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बारां-अटरू विधायक राधेश्याम बैरवा, विधायक डॉ. ललित मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद गर्ग आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंत्री दिलावर ने कहा कि शिक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता है। संस्कृत हमारी संस्कृति की आत्मा है। इसे संरक्षित और संवर्धित करना सभी का दायित्व है।

उन्होंने कहा कि नए भवन से विद्यार्थियों को बेहतर अधिगम वातावरण मिलेगा। संस्कृत शिक्षा को नया आयाम मिलेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हंसराज गुप्ता ने बताया कि फिलहाल कॉलेज का संचालन कोटा रोड स्थित पुराने संस्कृत पाठशाला भवन में हो रहा है। यहां 38 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। नए भवन से शैक्षणिक सुविधाएं बढ़ेंगी। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण मिलेगा। इससे छात्र संख्या में भी बढ़ोतरी की संभावना है।

# कॉलेज छात्रा का ड्राइवर ने किडनैप किया

**जयपुर।** टोंक से जयपुर आ रही टैक्सी कार में कॉलेज छात्रा का ड्राइवर ने किडनैप कर लिया। मालपुरा गेट इलाके में सवारियों के उतरने के बाद ड्राइवर ने युवती को कार में लॉक कर लिया। विरोध कर कार रोकने की कहने पर ड्राइवर ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने किडनैपिंग की सूचना मिलते ही लोकेशन के आधार पर पीछा कर कार को पकड़ लिया।

पुलिस ने किडनैप कॉलेज छात्रा को सुरक्षित छुड़ाकर आरोपी ड्राइवर को अरेस्ट किया है। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश की रहने वाली 22 साल की युवती ने मालपुरा गेट थाने में एफआईआर दर्ज करवाई कि वह निवाई टोंक स्थित एक हॉस्टल में रहकर कॉलेज में पढ़ती है। सोमवार शाम करीब 6.30 बजे वह हॉस्टल से जयपुर आने के लिए निकली थी। हॉस्टल से कुछ दूरी पर बस स्टेंड पर खड़े होकर इंतजार कर रही थी। वहां आकर रुकी एक कार में जयपुर आने के लिए दो सवारियों के साथ बैठ गई। जयपुर के मालपुरा गेट पर दोनों सवारी उतर गई। कार में कॉलेज छात्रा को लेकर ड्राइवर जयपुर के लिए रवाना हो गया।

# 14 मई को अपलोड किए जाएंगे प्रवेश-पत्र

## जनसंपर्क अधिकारी परीक्षा-2024

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा जनसंपर्क अधिकारी (सूचना एवं जनसंपर्क विभाग) परीक्षा-2024 का आयोजन 17 मई 2025 को प्रातः 11 से दोपहर 1.30 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा में ओएमआर उत्तर पत्रक के पांचवे विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थी उक्त परीक्षा हेतु आवंटित परीक्षा जिले की जानकारी 10 मई 2025 से एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर 14 मई 2025 को जारी किए जाएंगे। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ट कर डाउनलोड किए जा सकेंगे।



# आज का राशिफल

सोमवार, 12 मई, 2025

- **मेष :** आज कुछ राहत मिलेगी। अनुभवी और प्रभावशाली लोगों का सानिध्य भी मिलेगा। जिससे आपकी विचारों में भी सकारात्मकता आएगी। कामों में सफलता मिलेगी। तनाव की वजह से निजी काम अधूरे रह सकते हैं।
- **वृष :** और मेहनत करने की जरूरत है। अपनी समस्याओं का समाधान पाने के लिए थोड़े स्वार्थी भी रहें। भावनाओं पर काबू रखें तथा प्रैक्टिकल बने इससे आप और अधिक सहजता से निर्णय ले पाएंगे।
- **मिथुन :** रोजमर्रा की व्यस्त दिनचर्या से राहत के लिए आज अपने पसंदीदा काम निपटाने पर ध्यान देंगे। इससे खुशी मिलेगी। बुजुर्गों के मार्गदर्शन से मुश्किल रास्ता आसान हो जाएगा। धैर्य से किए गए कामों का नतीजा भी अच्छा होगा। फायदा होगा पर धीमी गति से। आलस्य के कारण काम में रुकावट आ सकती है।
- **कर्क :** ग्रह गोचर अनुकूल है। किसी दोस्त या रिश्तेदार के साथ चल रही गलतफहमियां दूर होगी। आपसी संबंधों में सुधार होगा। युवाओं को करियर संबंधित मेहनत के मनचाहे नतीजे मिल सकते हैं। अत्यधिक कार्य का बोझ आपके लिए परेशानी का कारण भी बन सकता है।
- **सिंह :** सुकून भरी दिनचर्या रहेगी। युवा वर्ग कोई दुविधा दूर होने से राहत की सांस लेंगे तथा कोई बड़ा फैसला लेने की भी हिम्मत आएगी। यह समय उन्नति दायक है। मेहनत के मनोनुकूल परिणाम मिलेंगे।
- **कन्या :** वरिष्ठ लोगों का सानिध्य और मार्गदर्शन मिलेगा। लंबे समय से चल रही किसी चिंता व तनाव से राहत मिलेगी। कार्य को करने से पहले उसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर सोच-विचार कर ले, निश्चित ही सफलता मिलेगी।
- **तुला :** मित्रों तथा संबंधियों के साथ मुलाकात के अवसर बनेंगे। किसी पारिवारिक अविवाहित सदस्य के लिए अच्छा रिश्ता भी आ सकता है। कुछ समय से आप अपने जिस कार्य को लेकर अधिक मेहनत कर रहे थे।
- **वृश्चिक :** अचानक ही कोई रुका हुआ या उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलने से तनाव दूर होगा। अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव लाने के लिए आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यों में भी आपकी रुचि रहेगी। अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगे।
- **धनु :** आज ग्रह स्थिति कुछ अनुकूल रहेगी। पिछले कुछ समय से चल रहे तनाव से भी राहत मिलेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा। युवा वर्ग भी अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे।
- **मकर :** मित्रों तथा संबंधियों के साथ मुलाकात के अवसर बनेंगे। किसी पारिवारिक अविवाहित सदस्य के लिए अच्छा रिश्ता भी आ सकता है। कुछ समय से आप अपने जिस कार्य को लेकर अधिक मेहनत कर रहे थे, आज उसके अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है।
- **कुंभ :** वाहन अथवा जमीन-जायदाद के क्रय-विक्रय संबंधी योजना बनेगी। अगर कोई फाइनेंस संबंधी काम रुका हुआ है, तो उस पर जरूर ध्यान दें। घर में कोई धार्मिक आयोजन करवाने का भी प्रोग्राम बनेगा।
- **मीन :** ग्रह स्थिति आपके भाग्य को प्रबल कर रही है। आपको अपने कामों में उम्मीद से ज्यादा सफलता मिल सकती है। कहीं निवेश करने का प्लान है तो तुरंत फैसला लें। फायदा होगा।

# पर्यायप्रिय है संसारी जीवात्मा- मुनि श्री विभोरसागर जी महाराज

## उपकारी के उपकार को नहीं भूलना चाहिए - पंडित पारस जैन शास्त्री

**कोटा, 12 मई।** पुण्योदय अतिशय क्षेत्र नसियां जी दादाबाड़ी कोटा में परम पूज्य आचार्य भगवन 108 श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य गुरूदेव निर्यापक तीर्थचक्रवती मुनिपुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं प्रेरणा से आठ दिवसीय पुण्योदय सम्यग्ज्ञान शिक्षण शिविर का सातवे दिवस पर शिविर संयोजिका अर्चना रानी जैन सर्राफ ने बताया कि नसियां जी में आज की प्रात: कालीन प्रवचन में आज परम पूज्य आध्यात्मयोगी आचार्य श्री आर्जव सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री विभोरसागर जी महाराज ने बताया की संसारी जीव जिस पर्याय में रहता है उसको वह पर्याय रुचिकर लगने लगती है।



वह उस पर्याय से निकलना नहीं चाहता और यही राग संसारी जीव को उसके संसार का कारण बना देता है, इसीलिए पर्याय से प्रेम न करके द्रव्यदृष्टि रखनी चाहिए।

अध्यक्ष जम्बू जैन सर्राफ ने बताया कि प्रवचनों के पश्चात सांगानेर से पधारे पंडित श्री पारस जैन शास्त्री ने तत्त्वार्थ सूत्र जी के स्वाध्याय व प्रश्नोत्तरी रत्नमालिका की कक्षा में सभी को बताया आज तत्त्वार्थ सूत्र जी की कक्षा में पंडित पारस जैन शास्त्री ने बताया कि उपकारी के उपकार को नहीं भूलना चाहिए आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के एवं पूज्य गुरुदेव सुधासागर जी महाराज के अनंत उपकार हैं हम पर जिनको चुका पाना में संभव नहीं।

संयोजक धर्मचंद जैन धनोप्या ने बताया कि जहां देव शास्त्र गुरु धर्म, अध्यात्म आध्यात्मिक ज्ञान और भक्ति का अद्भुत संगम से सांगानेर संस्थान से आए हुए विद्वानों के द्वारा निम्न अष्टदिवसीय शिविर के उपरांत दिनाक 10-05-2025 शनिवार सायंकाल 7:30 से लगभग 500 से अधिक शिविरार्थियों ने इष्टोपदेश ग्रंथ जी बालबोध भाग (1 छहढाला (पूर्वार्ध), छहढाला (उत्तरार्द्ध), बालबोध भाग ( 2) दो, आदि ग्रंथों की परीक्षाएं ली गई

निदेशक हुकम जैन काका ने बताया दिनाक 11-05-2025 रवि वार सुबह प्रात: 7:30 से जिनवाणी प्रभावना यात्रा एवं 64 ऋद्धि महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 108 मंडलों के द्वारा ऋद्धिधारी महामुनिराजों की संगीतमय महाअर्चना की जाएगी।

सुमित सेंकी ने बताया रविवार सायंकालीन 7:30 से शिविर का भव्य समापन समारोह का आयोजन किया गया है मुख्य अतिथि श्रीमान राजेश जी सोनल जी ओमांशी जी नवांशी जैन सेठिया आनंद डायग्नोस्टिक तलवंडी कोटा होंगे।

जिसमें शिविर में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले शिवरार्थी को एवं प्रथम,द्वितीय, तृतीय, एवं सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले शिविरार्थीयों को पुरस्कृत किया जाएगा एवं दादाबाड़ी पाठशाला के बच्चों के द्वारा एक लघु नाटिका 'संपत्ति नहीं संस्कार दीजिए' प्रस्तुत की जाएगी।

# वर्तमान ही जीवन, उसे बेहतर बनाएँ: अग्रवाल

**उदयपुर, 12 मई।** नारायण सेवा संस्थान में दिव्यांगजन के साझे में चल रहे त्रिदिवसीय कार्यक्रम 'अपनों से अपनी बात' के अन्तिम दिन शनिवार को अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि समस्याएं अनायास आती हैं। जो होनी है, वह होकर रहती है। इससे यदि हम






पस्त हो जाएंगे तो जीवन भार बन जाएगा। हमें खुश रहते हुए हालातों का सामना करना होगा। न अतीत के बुरे दिनों को याद करना है और न वर्तमान के हालातों पर आंसू बहाने हैं। जीवन का हर क्षण नया है, अपने कर्तव्य से विमुख न हो और जीवन का पूरा आनंद ले। सभी रोगों की सिर्फ एक अचूक दवा है, खुश रहना।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति कभी-कभी स्वयं दु:ख मोल ले लेता है। क्षणिक सुख या छोटे स्वार्थ के लिए वह दीर्घकालिक सुख और संतोष की अनदेखी करता है। लोगों की बातों से दुखी हो जाता है, खाली बैठकर नकारात्मक विचारों को अपने मनोमस्तिष्क में डेरा जमाने का मौका देता है। हम सत्संग, सत्साहित्य और सत्कर्मों में अपना समय दें। भूत और भविष्य में जीवन नहीं है, वर्तमान को बेहतर बनाकर परमानंद को प्राप्त करें। उन्होंने कार्यक्रम में कौशल विकास के लिए जीवन प्रबंधन, अध्ययन, व्यवस्थित दिनचर्या को अपनाते हुए चिंता और तनाव से दूर रहने को कहा। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कुछ निजी समस्याएं रखी। जिनका समाधान भी परस्पर विचारों से किया गया।

# स्काउटिंग जीवन जीने की कला सिखाने के साथ-साथ चरित्र निर्माण की भी पाठशाला है- सांसद डॉ मन्नालाल रावत

**उदयपुर, 12 मई।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघउदयपुर एवं जिला मुख्यालय उदयपुर के तत्वावधान में सूरजपोल स्थित विवेकानन्द सभागार में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का स्मरण कार्यक्रम डॉ मन्नालाल रावत सांसद के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

स्थानीय संघ सचिव सैम्युल फ्रांसिस ने जानकारी देते हुऐ बताया कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का स्मरण कार्यक्रम वर्तमान में पहलगाम आतंकवादी हमले के कारण सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत स्काउट व गाइड के वालियंटर्स को देश भक्ति के जज्बे, सेवा त्याग और समपर्ण की भावना को विकसित करने तथा जरूरतहोने पर स्काउट गाइड को सेवाऐं देनें हेतु तत्पर रहनें के उदेश्य से आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद डॉ मन्नालाल रावत का स्वागत स्थानीय संघ के प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर स्काउट ललित कुमार दक ने किया। उदयपुर जिले के सी.ओ स्काउट सुरेन्द्र कुमार पाण्डे ने मुख्य अतिथि को भारत स्काउट व गाइड संगठन का स्कार्फ पहनाकर स्थानीय संघ के कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ लोकेश जैन ने मेवाडी पाग पहनाकर तथा स्थानीय संघ के ही उपाध्यक्ष हेमंत श्रीमाली ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया।



मुख्य अतिथि सांसद डॉ रावत ने अपने छात्र जीवन के संस्मरण सुनाते हुए बताया कि वे स्वयं बाल्यकाल में स्काउट रह कर चुके है। जीवन में प्रतिकूल परिस्थितियों में तम्बू लगाकर अल्प साधन एवं संसाधनों में जीवन जीने की कला कैपिंग के जरिये सीख चुके है। बॉय हाथ मिलानें की बात को उन्होनें समझाते हुऐ कहा कि वन्स ऐ स्काउट आलवेज स्काउट भावना से ओतप्रोत एक स्काउट प्रत्येक दूसरे स्काउट का भाई होता है और वे बॉय हाथ इस लिए मिलाते है क्यों कि हमारा हदय बॉयी तरफ होता है इसके कारण हम एक दूसरे के साथ विश्व भाईचारे की भावना के साथ दिल से मिलते है। उन्होनें इस अवसर पर भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय के सभाकक्ष को विकसित करने के अपनें सांसद कोटे से दो लाख रूपये की घोषणा करते हुऐ इसे शुरूआत बताया।एक पेड माँ के नाम से आगामी वर्षाकाल में सघन वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण कीशपथ दिलाई।

स्थानीय संघ की कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ लोकेश जैन ने स्थानीय संघ उदयपुर की स्काउट गाइड गतिविधियों की जानकारी देते हुऐ किये जा रहे कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की जानकारी देते हुऐ स्थानीय संघ उदयपुर के कार्यालय एव प्रशिक्षण केन्द्र के लिऐ भूखण्ड का प्रस्ताव रखा। जिस परसांसद ने आवश्यक कार्यवाही के लिऐ आश्वस्त किया।

सी.ओ स्काउट सुरेन्द्र कुमार पाण्डे ने वर्ष पर्यनत आयोजित होने वाली स्काउट गतिविधियों की जानकारी दी। स्थानीय संघ उदयपुर के ललित दक, डॉ लोकेश जैन, हेमंत श्रीमाली, जगदीश अरोडा, डॉ. भगवतीलाल साहू, विक्रम कुमावत, उमेश पुरोहित, हेमंत थापा, शिप्रा चतुर्वेदी, उर्मिला राव, विशाल गुप्ता सहित अन्य स्काउटर्स गाइडर्स उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत: लगभग 5 लाख प्रकरण निस्तारित लगभग 21 करोड़ से अधिक के अवार्ड पारित

## एन.आई.एक्ट न्यायालयो मे 810 प्रकरण निस्तारित, पक्षकारों को लगभग 11 करोड से अधिक के अवार्ड पारित, पारिवारिक न्यायालयों के कुल 234 प्रकरणों का निस्तारण किया गया, मोटर वाहन दुघर्टना अधिकरण के 79 प्रकरण निस्तारित। पक्षकारों को लगभग 4 करोड 72 लाख के अवार्ड पारित

**उदयपुर, 12 मई।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं माननीय सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में उदयपुर जिले में श्रीमान ज्ञान प्रकाश गुप्ता अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

कुलदीप शर्मा एडीजे एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उदयपुर ने बताया कि उदयपुर मुख्यालय के न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं पक्षकरों की गरीमामय उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ दिनांक 10 मई 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का



विधिवत शुभारंभ किया किया गया। दिनांक 10 मई 2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में राष्ट्रीय लोक अदालत में लगभग 5 लाख प्रकरण निस्तारित लगभग 21 करोड रूपये से अधिक के अवार्ड पारित।

श्रीमान कुलदीप शर्मा एडीजे एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरण का निस्तारण होने पर प्रकरण का हमेशा के लिए निस्तारण हो जाता है।

निस्तारित प्रकरण की अपील नहीं होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरण का निस्तारण होने पर पक्षकारों द्वारा दी गई कोर्ट फीस पुन: लोटा दी जाती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरण का निस्तारण होने से पक्षकारों में आपसी भाईचारे एवं सोहार्द की भावना बनी रहती है।

राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के समय अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिशाषी अभियंता राजस्व अधिकारी एवं जिला मुख्यालय अजमेर डिस्काम के समस्त सहायक अभियंता एवं सहायक राजस्व अधिकारी देबारी, गिर्वा, मादडी, अशोक नगर, अम्बामाता, सवीना, पावर हाउस प्रथम एवं पावर हाउस द्वितीय, बडगांव, कुराबड, मधुवन, सेक्टर न. 4, एवं विद्युत विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। युनियन बैंक, एस.बी.आई., इन्डियन बैंक, बजाज फाईनेन्स, बैंक ऑफ बडौदा, पजांब नेशनल बैंक, एस.बी.आई. कार्ड, आर.एम.जी.बी., हिरो फिन कोर्प, आई.सी.आई.सी.आई., बैंक ऑफ इण्डिया, उद्गम कॉमर्सियल, अर्श इन्फो, युको बैंक, सुन्दरम फाइनेन्स, श्रीराम फाइनेन्स, आर.बी.एल.फिन.सर्व, केनरा बैक के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कुलदीप शर्मा एडीजे एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उदयपुर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु उदयपुर मुख्यालय एवं तहसीलों पर स्थित न्यायालयों पर बेंचा का गठन किया गया था। राजस्व न्यायालयों की भी बैंचों का गठन किया गया।

# कोटा मंडल के 10 रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त पेयजल की व्यवस्था

## भरतपुर स्टेशन पर यात्रियों को पानी के पाउच का नियमित वितरण





**कोटा, 12 मई।** गर्मी के मौसम में यात्रियों को यात्रा के दौरान भीषण गर्मी से बचाव हेतु पीने का पानी उपलब्ध कराने की दिशा में कोटा मंडल द्वारा सभी स्टेशनों पर पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

इसी कड़ी में एनजीओ व स्वयंसेवी संस्था द्वारा मंडल के 10 रेलवे स्टेशनों कोटा, सवाई माधोपुर, रामगंजमंडी, चौमहला, भवानीमंडी, भरतपुर, सुवासरा, शामगढ़, छाबड़ा गुगोर एवं मलारना में पानी पिलाने के कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में कुल 189 स्वमं सेवक सेवाभाव से यात्रियों को पानी पिलाने का कार्य कर रहे है। इसमे भरतपुर स्टेशन पर सेवा संस्था द्वारा यात्री गाड़ियों के सामान्य एवं शयनयान श्रेणी कोचों पर निशुल्क जल सेवा के लिए पानी के पाउच नियमित रूप से प्रतिदिन वितरण किया जा रहा है। जिसमे स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखा जा रहा है जिससे यात्रियों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल प्राप्त हो सके।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि कोटा मंडल यात्री सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृत संकल्पित है और यह प्रयास यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी करने हेतु एक अभीष्ट कदम है। इस अतिरिक्त पेय जल की व्यवस्था से विशेष रूप से सामान्य कोच के यात्रियों को भीषण गर्मी में राहत मिला रहा है।

# राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव 22 को

**उदयपुर, 12 मई।** राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जोगी तालाब, (सविना) उदयपुर में 22 मई को कैम्पस प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया जाएगा।

प्रधानाचार्य श्री सी.एस.टाक ने बताया कि कैम्पस प्लेसमेंट ड्राईव में पूणे की कंपनी ईकेए मॉबिलिटी विद्यार्थियों का इन्टरव्यू लेकर उन्हें जॉब का अवसर देगी। इस प्लेसमेंट ड्राईव में इलेक्ट्रिकल व मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के डिप्लोमा पास हो चुके व डिप्लोमा अंतिम वर्ष के संभाग भर के निजी व सरकारी पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के विद्यार्थी हिस्सा ले सकते हैं। प्लेसमेंट ड्राईव सुबह 10.00 बजे शुरू होगी। श्री टांक ने बताया कि इस तरह का यह दूसरा कैम्पस प्लेसमेंट ड्राईव है, इससे पूर्व 6 मई 2025 को हुए कैम्पस प्लेसमेंट ड्राईव में कृष्णा मारूति कम्पनी द्वारा 12 विद्यार्थियो का 2.5 लाख सीटीसी पर चयन हुआ है। श्री सी.एस.टाक ने डिप्लोमा उत्तीर्ण व डिप्लोमा अंतिम वर्ष के इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए इसे नौकरी पाने का सुनहरा अवसर बताते हुए इसमें भाग लेने का आह्वान किया।

# देश की एकता और अखंडता के लिए सैनिको के सम्मान में हम केंद्र सरकार के हर कदम पर साथ है-रविन्द्र त्यागी

**कोटा, 12 मई।** पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने ओर भारत के जबाज वीर सैनिकों के समर्थन और सम्मान में उनका हौसला बुलंद करने के लिए शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस जनों ने 10 मई शनिवार को साय 4 बजे गुमानपुरा स्थित कांग्रेस कार्यलय से भारत के जाबाज सैनिको के समर्थन और सम्मान में उनका पराक्रम शौर्य हौसला बढ़ाने के लिए जय हिंद तिरंगा यात्रा कांग्रेस कार्यलय से साय 4 बजे प्रारंभ हुई वहाँ से गुमानपुरा स्थित आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर वहाँ से होती हुई गुजराती समाज स्थित लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर यात्रा का समापन किया गया यात्रा के बाद सहादत हुए जंग में शहीदो के लिए 2 मिनट मौन रखा गया तिरंगा यात्रा में सेकड़ो की संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए

इस मौके पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि वीर जवानों के लिए देश की एकता अखंडता के लिए हम केंद्र सरकार के हर कदम के साथ खड़े हैं




देश को हमारी जब भी जरूरत पड़ने पर हम सेना के संघर्ष में उनके साथ है त्यागी ने कहा कि जबाज वीर सैनिको ने जिस तरीके से अपना भारत की ओर से युद्ध मे जज्बा दिखा रहे है वह काबिले तारीफ है जितनी प्रसंशा की जाय उतनी कम है।

लोकसभा प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल ने कहा कि देश की संकट घड़ी में और सैनिको के सम्मान में हम सरकार के द्वारा पाकिस्तान पर की जा रही हर कार्यवाही पर एकजुट है सरकार के हर कदम पर मजबूती से साथ खड़े है।

उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ विजय सोनी ने बताया कि जय हिंद तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से लाडपुरा प्रधान रहे नईमुद्दीन गुड्डू,पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल,शिवकांत नंदवाना,पूर्व विधायक पूनम गोयल, महापौर मंजू मेहरा, राकेश सोरल, उपमहापौर पवन मीणा, शोनू कुरैशी, पीसीसी महासचिव अनूप ठाकुर, क्रांति तिवारी, कैथून पालिका चेयरमैन रही आइना महक, उपाध्यक्ष जगदीश ठाड़ा, महासचिव राधेश्याम वर्मा, रामेश्वर सुवालका, हिमांशू शर्मा, नीरज शर्मा, महेंद्र शर्मा, हरपाल सिंह राणा, रफीक भाई, बलविंदर सिंह बिल्लू, इशरार मोहम्मद, राजेन्द्र भारद्वाज, राकेश शर्मा राकू, ब्लॉल अध्यक्ष नेवालाल गुर्जर, ललित शर्मा, जोंटी विरवाल, अरुण भार्गव, लेखराज योगी, अंशु श्रंगी, रोहित अग्रवाल, सुलेमान बादशाह, कपिल शर्मा, अजय गुप्ता, जितेन्द्र सिंह चौहान, पूनम कवर, शलीना शेरी, मंजू चौधरी, रेहाना खान, अब्दुल हमीद गोड़, हंशराज गोस्वामी, ललित सरदार आदि वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण सहित सेकड़ो की संख्या में कांग्रेस जनो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर अभिनदंन कार्यक्रम

**कोटा, 12 मई।** सभी खेल संघों और सामाजिक संस्थाओं की ओर से आज भाटिया एन्ड कंपनी के सहयोग से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर एक अभिनदंन कार्यक्रम आयोजित किया गया।



मुख्य वक्ता आई के दत्ता ने कहा कि हमारे देश का गौरव हमारी सेनाओं ने समर्पित भावना और बेहतरीन समन्वय के साथ जो सफलता हासिल की है उसकी प्रशंसा हर भारतीय कर रहा है। प्रारम्भ में प्रेम भाटिया जी ने सबका स्वागत करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक शोर्यपूर्ण गाथा के रूप में स्वर्णिम इतिहास बन कर हम सबकी यादों में बस गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय में भारतीय सूचना सेवा के पूर्व निदेशक किशन रतनानी ने कहा कि हर नागरिक को जिम्मेदार पूर्ण व्यवहार करते हुए इस अभियान में सरकार का हर कदम पर साथ देना है। कोटा डिस्ट्रिक्ट चैस एसोसिएशन कोषाध्यक्ष ईश्वर शर्मा और हेमलता गांधी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के समापन पर सबने भारत माता की जय और वन्दे मातरम के नारे गुंजाये।

# सोगरिया-दानापुर स्पेशल ट्रेन गरीबरथ रैक की बजाय एलएचबी रैक से चलेगी

**कोटा, 12 मई।** रेल प्रशासन द्वारा समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से सोगरिया-दानापुर-सोगरिया साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन के बीच समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है।

यह ट्रेन साप्ताहिक रूप में सोगरिया से प्रत्येक सोमवार एवं दानापुर से प्रत्येक मंगलवार को निर्धारित अवधि में नियमित रूप से संचालित है तत्काल प्रभाव से वर्तमान में परिचालन कारणों से गरीबरथ रैक से चलने वाली इस स्पेशल ट्रेन को थर्ड एसी इकोनामी वाले एलएचबी रैक से संचालित किया जा रहा है।

अब इस स्पेशल ट्रेन में 17 कोच के गरीबरथ रैक की बजाय 17 कोच एलएचबी रैक के होंगें। जिसमें 15 कोच थर्ड एसी इकोनामी, 01 एसएलआरडी एवं 01 जनरेटर कार होगा।

**सोगरिया-दानापुर-सोगरिया साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन:** गाड़ी संख्या 09819 सोगरिया-दानापुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 30 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12:45 बजे सोगरिया से रवाना होकर और दूसरे दिन सुबह 10:00 बजे दानापुर पहुँचगी तथा वापसी में गाड़ी संख्या 09820 दानापुर-सोगरिया साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 01 जुलाई 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 12:45 बजे दानापुर से रवाना होकर और दूसरे दिन सुबह 11:00 बजे सोगरिया पहुँचगी। यात्रियों से अनुरोध है कि इस स्पेशल ट्रेन की जानकारी स्टेशन एवं ऑनलाइन अथवा रेल मदद 139 से प्राप्त करें।

# क्षत्रिय समाज ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि



**उदयपुर, 12 मई।** मेवाड़ क्षत्रिय मित्र कल्याण समिति के सदस्यों ने गुलाब बाग, कमल तलाई पर एकत्र होकर पहलगांव हमले के शहीदो के सम्मान में दो मिनिट का मोन रख श्रद्धांजलि अर्पित की।

मासिक सभा पर समिति अध्यक्ष रणजीत सिंह सोनीगरा ने आतंकी हमले की निंदा करते हुए उसे पाकिस्तान की कायराना हरकत बताया। समिति के वरिष्ठ सदस्य मेहताब सिंह चौहान ने कहा आज पूरा देश शहीदों के परिवार के साथ खड़ा है। आतंकी घटना में मारे गए निर्दोष परिवारों के लिए ही नहीं बल्कि समस्त देशवासियों के लिए भी दु:खद घटना है।

श्रद्धांजलि सभा में पर्वत सिंह चुंडावत, मान सिंह भाटी, राम सिंह गौड, ओम प्रकाश सिंह, सज्जन सिंह राजावत, इंद्र सिंह गहलोत आदि सदस्यों ने श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया।

## आज का दिन

वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, विक्रम सं. 2082, शक संवत् 1947, हिजरी 1446, तद्नुसार अंग्रेजी दिनांक 12 मई, सन् 2025 ईस्वी। वार- सोमवार, सूर्य-उत्तरायण, ऋतु-ग्रीष्म

## सम्पादकीय

# लोगों को ढाल बना रहा पाक

**आतंकवादियों** को पालना-पोसना और उनके जरिये छद्म युद्ध लड़ना पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है, लेकिन इस बार वह जिस तरह आम लोगों का इस्तेमाल ढाल की तरह कर रहा है, वह निंदनीय होने के साथ-साथ चिंताजनक भी है। इससे उसकी हताशा झलकती है। युद्ध जैसी स्थितियों के बावजूद अपने एयरस्पेस को बंद न करना और बॉर्डर के पास अंतरराष्ट्रीय उड़ानें जारी रखना बताता है कि पाकिस्तान जानबूझकर हालात और खराब करना चाहता है। वह हर मुमकिन कोशिश कर रहा है, जिससे भारत की आतंकवाद के खिलाफ जंग बड़े युद्ध में बदल जाए और उसे दुष्प्रचार का मौका मिले। भारत ने अगर जिम्मेदारी न दिखाई होती, तो बात अब तक पूरी तरह बिगड़ चुकी होती। दोनों देशों से शांति की अपील करने वाले वैश्विक समुदाय को पाकिस्तान की इन हरकतों को भी देखना चाहिए।

*भारत ने अगर जिम्मेदारी न दिखाई होती, तो बात अब तक पूरी तरह बिगड़ चुकी होती। दोनों देशों से शांति की अपील करने वाले वैश्विक समुदाय को पाकिस्तान की इन हरकतों को भी देखना चाहिए।*

इस्लामाबाद के सारे कदम अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों के उलट हैं। वह खास धार्मिक इमारतों को लक्ष्य कर गोलाबारी कर रहा है, ताकि भारत में सांप्रदायिक तनाव पैदा कर सके। लेकिन, पूरा देश एकजुट है और सेना के साथ खड़ा है। भारतीय सेना ने भी जवाबी एक्शन में बहुत ही संयम से काम लिया है। बार-बार उकसाए जाने के बावजूद सेना ने केवल लक्षित हमले किए हैं। साथ ही, वह पाकिस्तानी दुष्प्रचार की भी पोल खोल रही है।

पहलगाम हमले से पाकिस्तान ने कोई भी संबंध होने से इनकार किया था। लेकिन, ऑपरेशन सिंदूर के बाद हर बीतते दिन के साथ उसका यह झूठ बेनकाब हो रहा है। सांबा में घुसपैठ का प्रयास करते 7 आतंकियों को भारतीय जवानों ने मार गिराया। यानी अभी भी पाकिस्तान आतंकियों के सहारे भारत में अस्थिरता फैलाने की कोशिश में लगा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी बताया था कि सेना ने जिन आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, वहां से और हमलों की साजिश चल रही थी। पाकिस्तान के पास विकल्प बहुत ज्यादा नहीं हैं। उसकी अर्थव्यवस्था इस संघर्ष को लंबा नहीं झेल पाएगी, युद्ध को तो वह भूल ही जाए। इसके बाद भी अगर वह दुस्साहस करने की सोच रहा है, तो यह जरूरी हो जाता है कि उस तक पहुंचने वाली मदद को भी रोका जाए। उसे आईएमएफ से नए राहत पैकेज का इंतजार है और भारत सरकार का बिल्कुल सही कहना है कि वह इसका विरोध करेगी। दुनिया को समझ लेना चाहिए कि पाकिस्तान को मिलने वाली कोई भी मदद आखिरकार आतंक फैलाने में ही इस्तेमाल होगी।

## विदेशी अखबारों से

### मदरसे के बच्चे हैं पाकिस्तान की सेकेंड डिफेंस लाइन, रक्षा मंत्री का संसद में ऐलान

**भारत** के साथ बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शुक्रवार को कहा कि समय आने पर मदरसों में पढ़ने वाले छात्र देश की दूसरी रक्षा पंक्ति होंगे। उनकी यह टिप्पणी संसद सत्र को संबोधित करते हुए आई, एक दिन पहले भारत ने पाकिस्तान में कई जगहों पर ड्रोन हमलों का जवाब दिया था। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि जहां तक मदरसों या मदरसा छात्रों का सवाल है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे हमारी सेकेंड डिफेंस लाइन है, वहां पढ़ने वाले युवा। जब समय आएगा, तो उनका 100 प्रतिशत उपयोग किया जाएगा। एक परमाणु शक्ति संपन्न देश खुलेआम स्वीकार करता है कि वह बच्चों को युद्ध के लिए तैयार कर रहा है। असेंबली में आसिफ ने भारतीय ड्रोन हमलों पर अपनी छवि बचाने की कोशिश करते हुए कहा कि लोकेशन को लीक होने से रोकने के लिए ड्रोन हमलों को रोका नहीं गया। उन्होंने कहा कल भारत द्वारा ड्रोन हमला हमारी लोकेशन का पता लगाने के लिए किया गया था। मैं तकनीकी बातों को स्पष्ट नहीं कर सकता, लेकिन हमने उनके ड्रोन को नहीं रोका, ताकि हमारी लोकेशन का पता न चल सके या लीक न हो जाए। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के कुछ दिनों बाद, जिसमें पाकिस्तान के आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया गया था, घबराए हुए देश ने 8 मई को जम्मू और कश्मीर और सीमावर्ती राज्यों के कई हिस्सों में मिसाइल और ड्रोन हमलों की बौछार शुरू कर दी, जिसका उद्देश्य जम्मू एयर बेस, एक सैन्य प्रतिष्ठान, जम्मू विश्वविद्यालय और अन्य महत्वपूर्ण नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना था। भारतीय सेना ने इन हमलों को सफलतापूर्वक रोका और बेअसर कर दिया, जबकि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सांबा सेक्टर में घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को भी नाकाम कर दिया।

## प्रेरक प्रसंग

### परीक्षा

**एक** राजा ने सुंदर महल बनवाया और मुख्य द्वार पर गणित का एक सूत्र लिखवाया। राजा ने घोषणा कर दी कि इस सूत्र के हल होते ही ये द्वार खुल जाएगा और जो व्यक्ति ये सूत्र हल करके द्वार खोलेगा मैं उसे अपना उत्तराधिकारी नियुक्त करुंगा। जैसे-जैसे ये बात अन्य राज्यों तक पहुंची तो वहां से भी बड़े-बड़े गणितज्ञ ये सूत्र हल करने के लिए वहां पहुंच गए। कुछ गणितज्ञ तो अपने साथ गणित की कई किताबें भी लेकर पहुंचे। बहुत कोशिशें की, लेकिन वे भी ये सूत्र हल नहीं कर सके। वहीं एक साधारण सा गरीब लड़का भी ये सब देख रहा था। वह कुछ देर ध्यान में बैठा और आंखें खोलकर दरवाजे की ओर बढ़ने लगा। उसने दरवाजे को हाथ लगाया तो दरवाजा तुरंत ही खुल गया। ये देखकर सभी लोग हैरान हो गए। राजा ने उस लड़के से पूछा कि तुमने ये कैसे कर दिया? लड़के ने बताया जब में ध्यान में बैठा तो मेरे अंतर्मन से आवाज आई कि पहले ये जांच कर लेनी चाहिए कि ये सूत्र सही है भी या नहीं। वह कोई सूत्र था ही नहीं, उसे हल करने की जरूरत ही नहीं थी। ये तो छोटी सी समस्या थी, सभी ने अपने विचारों से इसे बहुत बड़ा और कठिन बना लिया था। राजा उसकी बुद्धिमान से प्रसन्न हो गया और उसे अपने राज्य का उत्तराधिकारी बना दिया। इस छोटी सी कथा की सीख यही है कि हमारे जीवन में कई बार कोई समस्या छोटी सी होती है और हम विचारों में उसे बड़ा बना लेते हैं।

# भारत ने आर्थिक प्रगति के बल पर आतंकवादी ठिकानों को किया नेस्तनाबूद

**प्रह्लाद सबनानी**

*भारतीय नागरिकों की एकजुटता से, वर्तमान केंद्र सरकार पर देश के नागरिकों का भरपूर विश्वास है एवं वह यह सोचती है सही समय पर एवं सही स्थान पर भारतीय सेना आतंकवादियों पर हमला करके अपने नागरिकों के मारे जाने का बदला जरूर लेगी। दूसरे, संभवत: भारत की लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति से भी केंद्र सरकार को कठोर निर्णय लेने का बल मिलता है। इस संदर्भ में, हाल ही में अच्छी खबर यह आई है कि भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चोथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है एवं संभवत: वर्ष 2026 के अंत तक जर्मनी की अर्थव्यवस्था को भी पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।*

**भारत** ने अंतत: पाकिस्तान के कई आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर ही दिया। भारत के इस कठोर कदम से भारतीय नागरिकों को संतुष्टि मिली है, विशेष रूप से उन परिवारों को जिन्होंने हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में अपने सगे सम्बन्धियों को खोया है। विश्व के लगभग समस्त देशों ने भारत के इस कदम का समर्थन ही किया है क्योंकि आतंकवादियों से अपने देश के नागरिकों की रक्षा करना किसी भी देश की सरकार का प्रथम कर्तव्य है। भारत को पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर हमले करने का साहस कहां से मिलता है। यह मिलता है भारतीय नागरिकों की एकजुटता से, वर्तमान केंद्र सरकार पर देश के नागरिकों का भरपूर विश्वास है एवं वह यह सोचती है सही समय पर एवं सही स्थान पर भारतीय सेना आतंकवादियों पर हमला करके अपने नागरिकों के मारे जाने का बदला जरूर लेगी। दूसरे, संभवत: भारत की लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति से भी केंद्र सरकार को कठोर निर्णय लेने का बल मिलता है। इस संदर्भ में, हाल ही में अच्छी खबर यह आई है कि भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है एवं संभवत: वर्ष 2026 के अंत तक जर्मनी की अर्थव्यवस्था को भी पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था आज भी विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। विश्व के लगभग समस्त वित्तीय संस्थान भारत के संदर्भ में यह भविष्यवाणी करते हुए दिखाई दे रहे है कि आगे आने वाले कई दशकों तक भारत इसी प्रकार विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा। भारत ने पिछले 10/11 वर्षों के दौरान वित्तीय क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रमों को लागू किया है। जिसका परिणाम स्पष्ट रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। माह अप्रेल 2025 में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण नित नई ऊंचाईयां छूते हुए 2.37 लाख करोड़ रुपए के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गया है। यह सब देश के नागरिकों द्वारा अप्रत्यक्ष करों के नियमों का अनुपालन करने के चलते सम्भव हो पा रहा है। अप्रेल 2025 माह में ही फैक्ट्री उत्पादन के मामले में पिछले 10 माह के उच्चत्तम स्तर को पार किया गया है। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए की कीमत अमेरिकी डॉलर की तुलना में तेजी से बढ़ती जा रही है और यह अपने पिहले 7 माह के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई है। और तो और, सरकारी उपक्रमों एवं निजी कम्पनियों की लाभप्रदता में भी भारी सुधार देखने में आ रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान भारतीय स्टेट बैंक ने 70,901 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। इसी प्रकार, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 69,621 करोड़ रुपए, एचडीएफसी बैंक ने 64,062 करोड़ रुपए, ओएनजीसी ने 49,221 करोड़ रुपए, टाटा कंसल्टैंसी सर्विसेज लिमिटेड ने 45,908 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक ने 44,256 करोड़ रुपए, इंडियन आइल कॉर्पोरेशन ने 41,729 करोड़ रुपए, लाइफ इन्शुरन्स कॉर्पोरेशन ने 40,915 करोड़ रुपए, कोल इंडिया लिमिटेड ने 37,402 करोड़ रुपए एवं टाटा मोटर्स लिमिटेड ने 31,399 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। आपको ध्यान में होगा कि आज से कुछ वर्ष पर तक केंद्र सरकार को कई सरकारी उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए लाखों करोड़ रुपए की सहायता केंद्रीय बजट के माध्यम से इन सरकारी उपक्रमों की करनी होती थी। आज स्थित एकदम बदल गई है एवं आज ये लगभग समस्त उपक्रम केंद्र सरकार के लिए कमाऊ पूत की भूमिका निभाते हुए नजर आ रहे हैं एवं करोड़ों रुपए का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध करा रहे हैं। यह सब केंद्र सरकार द्वारा इन उपक्रमों में सुधार कार्यक्रमों को लागू करने के चलते ही सम्भव हो सका है।



वर्ष 1991 में विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत भयावह स्थिति में पहुंच गया था तथा उस समय भारत के पास केवल 15 दिवस के आयात के बराबर ही विदेशी मुद्रा भंडार बच गया था और भारत को अपने स्वर्ण भंडार को ब्रिटेन के बैंकों में गिरवी रखकर विदेशी मुद्रा भंडार की व्यवस्था करनी पड़ी थी। आज स्थिति इस ठीक विपरीत है आज भारत के पास लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि का विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है और यह 68,813 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर के ऊपर निकल गया है जो भारत के इतिहास में आज तक के उच्चत्तम स्तर के बहुत करीब है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत से विभिन्न उत्पादों एवं सेवा क्षेत्र के निर्यात अपने उच्चत्तम स्तर 82,490 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं। जिसके चलते भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में अतुलनीय सुधार होता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत से विभिन्न देशों को निर्यात में अभी और सुधार होता हुआ दिखाई देगा क्योंकि भारत ने हाल ही में ब्रिटेन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है इससे भारत के सेवा क्षेत्र को अत्यधिक प्रोत्साहन मिलने जा रहा है और ब्रिटेन में भारतीय इंजिनीयर एवं डाक्टर के साथ ही अन्य क्षेत्रों में कार्य करने के लिए भारतीयों की मांग में वृद्धि दृष्टिगोचर होगी। अमेरिका के साथ भी भारत का द्विपक्षीय व्यापार समझौता अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है और यूरोपीयन यूनियन देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता दिसम्बर 2025 तक सम्पन्न होने की प्रबल सम्भावना है। इसके बाद भारत से विकसित देशों को निर्यात निश्चित रूप से बढ़ेंगे और इसके चलते बहुत सम्भव है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के निर्यात अपने उच्चत्तम स्तर अर्थात एक लाख करोड़ अमेरिको डॉलर के स्तर को भी पार कर जाएं। यदि ऐसा होता है तो भारत में विदेशी मुद्रा भंडार भी एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर सकते हैं क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें भी कम होती हुई अर्थात लगभग 60 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर होती हुई दिखाई दे रही हैं जबकि भारत अपने उपयोग का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल का आयात विभिन्न देशों से करता है। साथ ही, भारत को स्वर्ण के आयात को भी नियंत्रण में रखना होगा। इससे, भारतीय रुपए की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में और अधिक मजबूत होगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई कमी और वर्ष 2025 के खरीफ मौसम के दौरान मौसम विभाग द्वारा की गई सामान्य से अधिक मानसून की भविष्यवाणी के कारण खुदरा कृषि क्षेत्र में मुद्रा स्फीति (महंगाई) की दर मार्च 2025 माह में कम होकर 3.73 प्रतिशत के निचले स्तर पर पहुंच गई है। वित्तीय वर्ष 2013-14 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार दुगना होकर 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी आगे निकल गया है। इससे भारतीय नागरिकों की आय भी लगभग दुगनी हो गई है एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की संख्या में भी भारी कमी दर्ज हुई है। इससे देश के नागरिकों में उत्साह का माहौल जागा है तथा वे एकजुट होकर केंद्र सरकार के आतंकवाद के विरुद्ध लिए जा रहे निर्णयों का भारी समर्थन करते हुए दिखाई दे रहे है। इससे यह सिद्ध हो रहा है कि भारत की आर्थिक क्षेत्र में मजबूती के चलते केंद्र सरकार को भी आतंकवाद के विरुद्द कड़े निर्णय लेने में कोई हिचक नहीं हो रही है। साथ ही, भारत की लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति के चलते विश्व के अन्य कई देश भी आतंकवाद की लड़ाई में भारत के साथ खड़े नजर आ रहे है।

# गिनो नहीं, जाति तोड़ो

**शिव शंकर शर्मा, स्वतंत्र पत्रकार**

*उस समय के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री सीताराम केसरी ने लागू करने में अहम भूमिका निभाई पर किस तरह बे आबरू करके कांग्रेस अध्यक्ष उन्हें हटाया गया यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। मंडल आयोग की सिफारिश के बाद समाजवादी कहलाने वाले नेताओं को जातिवादी बना दिया और उनकी दबंग जातियों ने इनका फायदा उठाया । उत्तर प्रदेश हो या बिहार वहां लोहिया और समाजवाद की रट लगाने वाले सत्ता में आए तो जाति तोड़ो- दाम बांधो, भूमि सुधार, राष्ट्रपति हो या हो..........की संतान, सब की शिक्षा एक समान और अंग्रेजी में काम ना होगा फिर से देश गुलाम ना होगा जैसे नारे कहीं खो गए बस केंद्र में रह गया तो एम वाई समीकरण।*

**1980** के दशक में जो समझदार हो गए होंगे, उनकी स्मृति में आज भी एक राजनीतिक नारा जो इंडियन नेशनल कांग्रेस ने दिया था वह याद होगा। 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा थोपे गए आपातकाल के बाद देश में बनी जनता पार्टी की सरकार में बैठे बेमेल गठबंधन के लोगों के अहम टकराये और अंतत: लोकसभा भंग करनी पड़ी। उत्तर भारत में जाति आधारित कोटा पॉलिटिक्स कर्पूरी ठाकुर ने शुरू की जिसके दबाव में बीपी मंडल आयोग बनाया गया ताकि पिछड़ा वर्ग तबके की राजनीतिक बेचैनी को शांत किया जा सके। उधर चौधरी चरण सिंह सोशलिस्ट बन कर कांग्रेस के बाहर खड़े हो गए थे। इसी दौरान चुनाव आयोग ने कांग्रेस के गाय बछड़ा चुनाव चिन्ह को फ्रीज कर दिया इंदिरा गांधी वाली कांग्रेस को हाथ का निशान मिला जिस पर एक नारा गढ़ा गया। चुनाव से पहले कमजोरी लगने वाली इंदिरा गांधी को 1971 के चुनाव से भी ज्यादा सीट मिली। जनता पार्टी ने जिस बीपी मंडल को पिछड़ा वर्ग को शांत करने के लिए आयोग का अध्यक्ष बनाया था वे कांग्रेस में शामिल हो गए, 1981 में बीपी मंडल ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी पर कांग्रेस ने उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। 7 अगस्त 1990 को विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बीपी मंडल वाला बंद पिटारा खोला उसके बाद जो हुआ उस सब परिचित है। सर्वोच्च न्यायालय ने क्रीमी लेयर के प्रावधान के साथ इसे स्वीकार कर मंजूरी दे दी, उस समय के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री सीताराम केसरी ने लागू करने में अहम भूमिका निभाई पर किस तरह बे आबरू करके कांग्रेस अध्यक्ष उन्हें हटाया गया यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। मंडल आयोग की सिफारिश के बाद समाजवादी कहलाने वाले नेताओं को जातिवादी बना दिया और उनकी दबंग जातियों ने इनका फायदा उठाया । उत्तर प्रदेश हो या बिहार वहां लोहिया और समाजवाद की रट लगाने वाले सत्ता में आए तो जाति तोड़ो- दाम बांधो, भूमि सुधार, राष्ट्रपति हो या हो..........की संतान, सब की शिक्षा एक समान और अंग्रेजी में काम ना होगा फिर से देश गुलाम ना होगा जैसे नारे कहीं खो गए बस केंद्र में रह गया तो एम वाई समीकरण। जब कांग्रेस धर्म निरपेक्षता के नाम पर तुष्टिकरण को ध्येय बनाकर अपना करिश्मा को रही थी, समाजवाद जातिवाद का आवरण ओढ़ रहा था उसी समय भाजपा राम और राष्ट्रवाद के साथ आगे बढ़ती जा रही थी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बताते हैं कि 1990 में पूर्व राष्ट्रपति यानी जय सिंह ने उन्हें बुलाकर कहा था कि जाति की गणना की बात करनी चाहिए, यह होनी चाहिए वे इससे इतने अभिभूत हुए कि उन्हें अपना गुरु मान लिया। जैल सिंह कितने बड़े समाजशास्त्री और राजनेता थे यह हर कोई जानता है। आजादी के बाद किसी राजनीतिक विचार का अधिकतम ह्रास हुआ तो वो वामपंथ और समाजवाद है,एक जो धर्म को अफीम मानते रहे वे मजहब के पैरोकार बन गए और दूसरे जाति तोड़ने की बात करते थे वे जाति के साथ खड़े हो गए। कांग्रेस की तो नियति ही थी इसका काल बाह्य हो जाना क्योंकि उसने अपने हर खिड़की दरवाजे पर चाटुकारों, तुष्टिकरणवादियों की फौज खड़ी कर दी,जो हर नए विचार को आने ही नहीं देना चाहते थे। ऐसा नहीं है कि समकालीन राजनीति में ही ऐसा हुआ इससे पूर्व में भी जो भी बदलाव के आंदोलन हुए चाहे वह ज्योतिबा फुले का हो या डॉक्टर बी आर अंबेडकर का हो या फिर रविंद्र नाथ टैगोर सबके आंदोलन को जातीय आंदोलन बन जाने का नुकसान ही हुआ।

जब हम कहते हैं जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। तो हम लोकतंत्र को जाति केंद्रित बना देते हैं यह तो उस जातिवादी विचार की ही जीत है जिसके खिलाफ लड़ने का डॉक्टर बी आर अंबेडकर, ज्योतिबा फुले और रविंद्र नाथ टैगोर घोषणा करते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनगणना के साथ जातिगत डाटा इकट्ठा करने की घोषणा की है, जनगणना के साथ यह काम भी हो जाएगा और असली समस्या इसके बाद आने वाली है, क्या दबंग माने जाने वाली पिछड़ी जातियां दूसरी पिछड़ी जातियों के लिए उनका हिस्सा छोड़ने के लिए तैयार होगी? क्या दलित कहलाने वाली या जनजाति में आने वाली जातियां पिछले 75 वर्षों में मिले लाभ के बाद अपने वर्ग की अन्य जातियों को अवसर देने के लिए आगे आएगी? सरकारी नौकरी के लिए अगर यह उठा पटक है तो सवाल उठता है कि आखिर सरकारी नौकरी है ही कितनी? अगर राजनैतिक भागीदारी की तो पहले से स्थापित परिवार क्या अन्य के लिए समझौता करेंगे,जिसके परिवार के सभी सदस्य पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक दखल रखते है। सवाल यह भी है कि जाति गणना मुख्य मुद्दा होना चाहिए या सबको शिक्षा,चिकित्सा,न्याय के अवसरों के लिए कार्यक्रम और कार्य योजना केंद्र में होने चाहिए।

# वैश्विक जुड़ाव को वरीयता का दृष्टिकोण

**प्रकाश श्रीवास्तव**

**ऐसे** समय में, जब दुनिया भू-राजनीतिक और भू-हलचलों का सामना कर रही है, ट्रंप टैरिफ, मुद्रास्फीति, आव्रजन, अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों से जूझ रही है, मतदाता उन नेताओं के प्रति तेजी से सावधान हो रहे हैं जो क्रोध और विभाजन पर अपने अभियान चलाते हैं। अमेरिका के सहयोगी देशों जैसे ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और सिंगापुर में हुए चुनावों में स्पष्ट रूप से देखा गया है कि मतदाता ट्रंप-शैली की राजनीति को अस्वीकार कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और उनकी सेंटर-लेफ्ट लेबर पार्टी का हाल ही में फिर से चुना जाना सिर्फ घरेलू राजनीतिक जीत ही नहीं हैं बल्कि यह पश्चिम के लोकतंत्रों में ट्रंप-शैली की लोकलुभावन राजनीति के बढ़ते ज्वार के खिलाफ एक मजबूत अभिव्यक्ति है। कनाडा में लिबरल पार्टी की जीत हुई है। मार्क कार्नी प्रधानमंत्री बने रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया में सेंटर-लेफ्ट लेबर पार्टी ने निचले सदन में 151 में से 87 सीटें हासिल की है। ऐसे में अल्बानीज पिछले दो दशकों में दूसरा कार्यकाल जीतने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई नेता बन गए हैं। पीटर डटन के नेतृत्व वाले कंजरवेटिव लिबरल-नेशनल गठबंधन की हार, विभाजनकारी बयानबाजी और कट्टर-दक्षिणपंथी नीतियों की अस्वीकृति का संकेत लिए है। चीन और अमेरिका के चलते हो रहे भू-राजनैतिक बदलाव को लेकर नई नई खबरें रोजाना आ रही हैं। अल्बानी का फिर से चुना जाना दोनों लोकतंत्रों के बीच व्यापारिक विश्वास और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने वाला है और विश्वास की इस प्रक्रिया में निरंतरता को भी सुनिश्चित करता है। ऑस्ट्रेलिया के मतदाताओं द्वारा ट्रंप शैली के नेतृत्व को खारिज करना एक अधिक संतुलित और सहयोगात्मक क्षेत्रीय ढांचे का समर्थन है - एक ऐसा ढांचा जहां भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसी शक्तियां वैचारिक अतिवाद में फंसे बिना अपने हितों के लिए दावा कर सकती हैं। इसके अलावा दोनों देश क्वाड के साथ भी निकटता से जुड़कर काम कर रहे हैं। क्वाड में अमेरिका और जापान भी शामिल हैं। भारत की मेजबानी में होने वाले अगले क्वाड शिखर सम्मेलन में अल्बानी की उपस्थिति से लचीली आपूर्ति श्रृंखला, रणनीतिक खनिज और प्रौद्योगिकी सहयोग जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। यह भारत की चीन पर निर्भरता कम करने और खुद को एक प्रमुख क्षेत्रीय विनिर्माण और नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने की महत्वाकांक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, अमेरिकी नीतियों पर अल्बानी का सूक्ष्म रुख -विशेष रूप से अनुचित टैरिफ पर उनका विरोध- अमेरिकी संरक्षणवाद के बारे में भारत की अपनी चिंताओं के साथ ही प्रतिध्वनित होता है।

एक बात और, अल्बानीज की जीत को कनाडा के नतीजों जैसा ही माना जा रहा है। कनाडा में भी मध्यमार्गी-वामपंथी लिबरल पार्टी के एक अनजाने उम्मीदवार मार्क कार्नी ने जीत हासिल की है। कनाडा के कंजर्वेटिव नेतृत्व की तरह ही, ऑस्ट्रेलिया के विपक्ष के 'लिबरल' उम्मीदवार पीटर डटन को ट्रंप की नीतियों का प्रशंसक माना जाता था और उन्होंने देश में बहुत ज्यादा आप्रवासियों को इजाजत देने के मुद्दे पर अल्बानीज की आलोचना भी की थी तथा गाजा के मसले पर इजराइल के साथ खड़े होने की शपथ ली थी।

## हास्य-व्यंग्य

# मोबाइल शिष्टाचार...

**आलोक पुराणिक**

**हलो** हाऊ डू यू टाइप शिष्टाचार के दिन सिर्फ लद ही नहीं गये हैं, बल्कि बहुत पहले लद गये हैं। अब मामला बहुत फूं-फां हो गया है।

नई ट्रेंड्स की बहुत-बहुत गहराई से यानी करीब आधे घंटे स्टडी करने के बाद इस खाकसार ने न्यू-शिष्टाचार का एक मैनुअल बनाया है। जनहित में इसके कुछ अंश आप सबके लिए छापे जा रहे हैं।

मोबाइल

सिर्फ मोबाइल रखना अब काफी नहीं है।

मोबाइल की स्टाइल और प्रोफाइल का ख्याल रखना जरुरी है।

कौन सा माडल है-7897 या 5549, इस सवाल का जवाब आप दे सकती हैं या नहीं।

अगर नहीं, तो समझिये कि आप अभी भी पिछड़ेपन का शिकार हैं।

तमाम पार्टियों में मोबाइल विषयक कुछ बातचीत इस प्रकार दर्ज की गयी है-

हाय हाऊ आर योर मोबाइल।

मेरा मोबाइल फाइन है। 8765 है। नया आया है। धांसू फीचर हैं। इसमें सामने वाला का सिर्फ फोटू ही नहीं, एक्सरे भी लिया जा सकता है।

अच्छा, मेरा वाला 78655 है। इसमें सिर्फ मैसेज ही नहीं, पूरा का पूरा आदमी ही ई-मेल किया जा सकता है।

पर पूरे आदमी को ई-मेल करने की जरुरत तुम्हे क्यों पड़ेगी।

क्या किसी आदमी की एक्सरे करने की जरुरत तुम्हे पड़ेगी।

हुंह। हुंह।

बातचीत नंबर टू-

ओ वाऊ, तुम्हारा मोबाइल बहुत क्यूट है।

नहीं ऐसे ही है। परसों पिच्चासी हजार का लिया था। तुम्हारी यही गंदी आदत है, हमेशा सस्ते आइटम खरीदती हो। सिर्फ क्यूट होने से क्या होता है। ग्रेस भी होनी चाहिए। अपन तो दो लाख से कम का मोबाइल खरीदते ही नहीं हैं।

ओ के बाय।

बातचीत नंबर थ्री

वेरी पुअर, आपके मोबाइल का कलर आपकी लिपस्टिक के रंग से मैच नहीं कर रहा है।

तो क्या हुआ आपका मोबाइल भी तो आपके सैंडिल से मैच नहीं कर रहा है।

मोबाइल के शेड्स सबसे अच्छे वहां मिलते हैं- नेहरु प्लेस में।

ओ नो, मुझे तो ब्यूनस आयर्स के शेड्स ही पसंद हैं।

# वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की 2027 में मेजबानी कर सकता है भारत




**नई दिल्ली।** भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2027 फाइनल की मेजबानी कर सकता है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक अप्रैल महीने में जिम्बाब्वे में आईसीसी की सालाना मीटिंग के दौरान इस संबंध में चर्चा हुई थी, जहां बीसीसीआई ने आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल को भेजा था।

अब तक 2021 और 2023 में इंग्लैंड के हैम्पशायर और ओवल में फाइनल मुकाबले खेले गए हैं। इन दोनों फाइनल में भारत को न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। पीटीआई को एक सूत्र ने बताया कि भारत में कई क्रिकेट प्रेमी हैं। अगर भारत अगले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचता है तो यह फैंस के लिए शानदार मौका होगा, लेकिन अगर दूसरी दो टीमों के बीच मैच होगा तो लोग और दिलचस्पी से देखेंगे। टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के दो फाइनल लगातार हारी थी। टीम को 2021 में पहला फाइनल इंग्लैंड के हैंपशायर में उसे न्यूजीलैंड ने हराया था। वहीं 2023 में इंग्लैंड के द ओवल में हुए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने हराया था। तीसरा फाइनल मैच साउथ अफिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच 11 जून से लॉर्ड्स में होगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप पर देखकर फैसला लिया जाए। क्योंकि अगर भारत के अलावा कोई और टीम फाइनल में पहुंचेगी तो फाइनल की टिकट बिकना मुश्किल होगा। दूसरी ओर इंग्लैंड में हमेशा मैच हाउसफुल रहता है। साउथ अफ्रिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले फाइनल की शुरुआती चार दिनों के टिकट भी बिक चुके हैं।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 2023 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल हारने के बाद कहा था कि फाइनल के लिए एक मुकाबले के बजाए तीन मैचों की सीरीज होनी चाहिए। हमे सिर्फ जून में यह मुकाबला नहीं खेलना चाहिए। इसे फरवरी और मार्च में भी खेला जा सकता है। फाइनल सिर्फ इंग्लैंड में ही नहीं, बल्कि दुनिया के बाकी देशों में भी खेला जा सकता है।

# विराट ने टेस्ट क्रिकेट से सन्यास की इच्छा जताई

**नई दिल्ली।** क्रिकेट की दुनिया में अपनी खास पहचान रखने वाले भारतीय टीम के कप्तान रहे विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को यह जानकारी दी है। हालांकि बीसीसीआई ने उन्हें अपने फैसले पर दोबारा विचार करने के लिए कहा है। इससे पहले गुरुवार को रोहित शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया था।




बॉर्डर- गावस्कर सीरीज में विराट का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा था। उन्होंने इस सीरीज में 23.75 की औसत से रन बनाए थे। वहीं 8 में से 7 बार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर आउट हुए। बीजीटी में कोहली ने 9 पारियों में एक नाबाद शतक सहित 190 रन बनाए। पिछले 5 साल में उन्होंने 37 टेस्ट में सिर्फ 3 शतक लगाए और औसत 35 से भी नीचे रहा। इससे पहले कोहली ने टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन आईपीएल-2025 में वह जबरदस्त फॉर्म में रहे। उन्होंने अब तक 11 मैच में 505 रन बनाए हैं।

36 साल के कोहली अब तक 123 टेस्ट में 9,230 रन बना चुके हैं। उन्होंने अपनी पारी में 30 शतक और 31 अर्धशतक भी लगाए हैं। विराट ने टेस्ट करियर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा 9 शतक बनाए हैं। जबकि बांग्लादेश के खिलाफ सबसे कम 2 शतक उनके नाम हैं।

रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी भारत को आईसीसी ट्रॉफी दिलाने वाले कप्तान हैं। दूसरी ओर विराट कोहली हैं। वे कभी कप्तान के तौर पर टूर्नामेंट नहीं जीत सके। हालांकि, जब चर्चा टेस्ट क्रिकेट की होती है तो बतौर लीडर वे धोनी और रोहित दोनों से मीलों आगे नजर आते हैं।

धोनी और रोहित दोनों की कप्तानी में भारत को घर में टेस्ट सीरीज में हार झेलनी पड़ी। रोहित की कप्तानी में तो टीम इंडिया को न्यूजीलैंड से क्लीन स्वीप भी झेलना पड़ा है।

कोहली की कप्तानी में ऐसा कभी नहीं हुआ। उन्होंने भारत की जमीन पर 11 टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी की। भारत ने सभी 11 सीरीज अपने नाम की। कोहली ने 2015 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहली बार घरेलू मैदान पर कप्तानी की थी। अश्विन और जडेजा के सपोर्ट और कोहली की अटैकिंग फील्ड स्ट्रैटजी से भारत ने 4 टेस्ट की सीरीज 3-0 से जीती। यहां से कोहली की कप्तानी में टीम ने घर में सभी टेस्ट सीरीज जीतीं।

बैटर विराट कोहली ने वैसे तो हर कप्तान की मौजूदगी में अपना बेस्ट प्रदर्शन दिया, लेकिन जब वह खुद कप्तान बने तो टेस्ट बैटिंग की सारी कमियों को अचीवमेंट्स में बदल दिया।

कोहली ने अपनी कप्तानी में रिकॉर्ड 7 दोहरे शतक लगाए। 2014 में इंग्लैंड दौरे पर कोहली बैट से कुछ खास नहीं कर सके, लेकिन 2018 में उन्होंने इसे पलटा और सीरीज के टॉप रन स्कोरर बन गए। ऑस्ट्रेलिया में तो वे हर बार ही रन बनाते हैं, उन्होंने साउथ अफ्रीका में भी सेंचुरी लगाकर बताया कि आईसीसी ने क्यों 2020 में उन्हें दशक का बेस्ट क्रिकेटर चुना था।

## व्यापार समाचार

# पांच साल में 35% बढ़ा RBI का सोने का भंडार, जानिए भारत के केंद्रीय बैंक के पास है कितना सोना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच साल में अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने के दाम लगभग दोगुने हो गए हैं। भारत में भी इस दौरान सोना करीब 120 प्रतिशत महंगा हो चुका है। रिटेल खरीदारी कम होने के बावजूद कीमतों में इतना इजाफा हुआ है। इस साल जनवरी से अब तक सोने के दाम 27 प्रतिशत बढ़े हैं। सिर्फ अप्रैल में ही यह 6 प्रतिशत महंगा हुआ है। दाम में इतनी बढ़ोतरी का एक बड़ा कारण है विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों की तरफ से सोना खरीदना। आइए जानते हैं बड़े देशों में किसके पास कितना सोना है और पांच साल में उनके भंडार में कितनी वृद्धि हुई है।

मार्च 2020 में अमेरिका के पास 8133.46 टन, जर्मनी के पास 3364.16 टन, इटली के पास 2,451.84 टन, फ्रांस के पास 2,436 टन, रूस के पास 2299.15 टन और चीन के पास 1948.31 टन सोना था। पांच साल में अमेरिका, जर्मनी, इटली और फ्रांस के सोने के भंडार में तो कोई खास बदलाव नहीं आया। रूस का भंडार बढ़कर 2332.74 टन और चीन का 2,292.31 टन हो गया।

**पांच साल में आरबीआई का भंडार 34.7% बढ़ा**- पिछले पांच साल में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के सोने के भंडार में सबसे ज्यादा 34.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक इसका सोने का भंडार मार्च 2020 में 653.01 टन था, जो मार्च 2025 में बढ़कर 879.59 टन हो गया। इस तरह इसमें 226.58 टन की वृद्धि हुई। इस दौरान आरबीआई देश में 219.69 टन सोना लेकर आया। पांच साल में चीन के केंद्रीय बैंक ने 344 टन सोना खरीदा, लेकिन उसके भंडार में सिर्फ 18 प्रतिशत वृद्धि हुई।

**आरबीआई के पास 2020 में था 653 टन सोना**- अब देखते हैं कि बीते पांच साल में किस साल आरबीआई ने कितना सोना खरीदा और कितना स्वदेश लेकर आया। मार्च 2020 के अंत में RBI के पास 653.01 मीट्रिक टन सोना था। इसमें से 292.30 टन सोना देश में और बाकी 360.71 टन बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (BIS) के पास पड़ा था। कीमत (डॉलर) के लिहाज से मार्च 2020 के अंत तक कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा 6.40 प्रतिशत था।

मार्च 2021 के अंत तक रिजर्व बैंक के पास 695.31 टन सोना था। इसमें से 292.30 टन सोना देश में था। आरबीआई का 403.01 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड और बीआईएस के पास था। मार्च 2021 के अंत तक कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा 5.87 प्रतिशत था।

**2021-22 में सबसे ज्यादा बढ़ा भंडार (RBI Gold Buying)**- पिछले 5 वर्षों में 2021-22 ऐसा साल था जब RBI का सोने का भंडार सबसे ज्यादा बढ़ा। मार्च 2022 के अंत तक रिजर्व बैंक का सोने का भंडार 65.11 टन बढ़कर 760.42 टन तक पहुंच गया। साल भर में RBI 3.5 टन सोना स्वदेश लेकर आया। इससे घरेलू स्तर पर आरबीआई का सोने का भंडार 295.82 टन हो गया। बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के पास 453.52 टन सोना रखा था। मार्च 2022 के अंत तक कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा 7.01 प्रतिशत हो गया था।




साल 2022-23 में रिजर्व बैंक के सोने के भंडार में 34.22 टन की वृद्धि हुई। मार्च 2023 के अंत तक आरबीआई के पास 794.64 टन सोना हो गया था। इसमें से 301.10 टन सोना देश में और 437.22 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के पास था। विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी मार्च 2023 तक 7.81 प्रतिशत हो गई।

**2023-24 में 800 टन के पार**- 2023-24 में रिजर्व बैंक के पास सोने का भंडार 800 टन को पार कर गया। यही नहीं, पहली बार देश में आरबीआई का सोने का भंडार बाहर पड़े भंडार से अधिक हो गया।

मार्च 2024 के अंत तक रिजर्व बैंक के पास 822.10 टन सोना था। उस वर्ष RBI 107.21 टन सोना स्वदेश लेकर आया। इससे देश में उसका भंडार 408.31 टन का हो गया। बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के पास 387.26 टन सोना था। कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा मार्च 2024 तक 8.15 प्रतिशत हो गया।

मार्च 2025 के अंत तक रिजर्व बैंक का सोने का भंडार 879.59 टन पहुंच गया। इस वर्ष वह 103.68 टन सोना स्वदेश लेकर आया जिससे घरेलू स्तर पर उसका भंडार 511.99 टन का हो गया।

बैंक ऑफ इंग्लैंड और बीआईएस के पास 348.62 टन सोना है। विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी मार्च 2025 के अंत 11.70 प्रतिशत हो गई।

# India-UK FTA से मर्सिडीज-बीएमडब्ल्यू के दाम पर असर नहीं, जानिए इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री पर क्या होगा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने इंग्लैंड के साथ जो फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) किया है, उससे भारत में पहले से बिक रही लक्जरी कारों के दाम पर कोई खास पड़ने की संभावना नहीं है। दूसरी ओर इस समझौते से आने वाले कुछ वर्षों में भारत से इंग्लैंड को इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में कई गुना वृद्धि होने की संभावना है।

भारत में इंग्लैंड से कार आयात पर ड्यूटी 100त्न से अधिक है, इस एफटीए में इसे घटकर 10% किया गया है। इससे जगुआर



लैंड रोवर, बेंटले और एस्टन मार्टिन जैसी लक्जरी गाड़ियों के दाम यहां कम होंगे। हालांकि भारत में मर्सिडीज बेंज और बीएमडब्ल्यू कंपनियों ने कहा है कि इससे भारत में लक्जरी कारों के बाजार पर कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा।

**क्या कहा मर्सिडीज इंडिया के प्रमुख ने**- मर्सिडीज बेंज इंडिया के एमडी और सीईओ संतोष अय्यर ने कहा कि एक बहुराष्ट्रीय कंपनी होने के नाते हम हमेशा फ्री ट्रेड का समर्थन करते हैं। उन्होंने बताया कि अभी भारत में जो मर्सिडीज की गाड़ियां बिकती हैं उनमें 95% सीकेडी होती हैं। इसका मतलब है कि आज भी इन गाड़ियों पर 15 से 16 प्रतिशत टैरिफ लगता है। इसलिए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से कीमतों में बहुत करेक्शन आने की संभावना नहीं है। बीएमडब्ल्यू ग्रूप इंडिया के प्रेसिडेंट और सीईओ विक्रम पाहवा ने भी कहा कि उनकी कंपनी फ्री मार्केट और ट्रेड बैरियर में कमी का समर्थन करती है। यह आर्थिक विकास के लिए अच्छा है। भारतीय लक्जरी कार सेगमेंट पर इसके प्रभाव के बारे में उन्होंने कहा कि यह एग्रीमेंट की डिटेल सामने आने पर ही स्पष्ट होगा।

**इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री पर क्या होगा असर**- इंडिया सेल्यूलर इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (ICEA) के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने एक बयान में कहा कि इंग्लैंड अभी विभिन्न देशों से 76 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स सामान का आयात करता है। भारत से इंग्लैंड को इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्यात सिर्फ दो अरब डॉलर का है। FTA से भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री को निर्यात बढ़ाने का मौका मिलेगा। इससे वर्ष 2031 तक भारत से कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 180 से 200 अरब डॉलर के लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलेगी।

इस समझौते से भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री को ग्लोबल वैल्यू चेन के साथ जुड़ने में भी मदद मिलेगी। इस एग्रीमेंट के बाद भारत से इंग्लैंड को होने वाले लगभग 99त्न निर्यात पर कोई टैरिफ नहीं लगेगा। इससे इलेक्ट्रॉनिक्स के अलावा इंजीनियरिंग गुड्स, ऑटो कंपोनेंट और आईटी सर्विसेज को फायदा मिलेगा। भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स के लिए एग्रीमेंट के बाद इंग्लैंड में काम करना भी आसान होगा। हर साल करीब 60000 भारतीय टेक प्रोफेशनल्स को इसका लाभ मिल सकता है। इसका फायदा टीसीएस, इंफोसिस, एचसीएल टेक, विप्रो और टेक महिंद्रा जैसी बड़ी आईटी कंपनियों को मिलेगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कोलगांव, पंचायत समिति किशनगढ़बास, जिला खैरथल-तिजारा (राज.)

क्रमांकः ग्राम/म.गा.नरेगा/2025-26/126 दिनांकः 8.05.2025

**ई-निविदा सूचना 01/ 2025-26**

महात्मा गांधी नरेगा तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज योजनान्तर्गत कराये जाने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु आनुसांगिक सामग्री आपूर्ति के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत सक्षम अनुभव प्राप्त संवेदक / फर्मों से निविदा दरें ई-प्रोक्योरमेन्ट पद्धति से आमंत्रित की जाती है। अमानत राशि (2 प्रतिशत) / निविदा शुल्क ( 1000/- रुपये) निविदादाता द्वारा डिमाण्ड ड्राफ्ट / बैंकर चैक द्वारा ग्राम पंचायत नाम तथा ई निविदा प्रक्रिया शुल्क (500/- रुपये) MD RISL / JAIPUR के नाम से, निर्धारित दिनांक व समय से पूर्व ग्राम पंचायत कार्यालय में भौतिक रूप से जमा करवाया जाना आवश्यक होगा।

**(अ) निर्माण कार्यों हेतु आनुसांगिक सामग्री आपूर्ति के लिए**

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम (जिनमें विभिन्न कार्यों हेतु निर्माण सामग्री की आपूर्ति की जानी है) | अनुमानित लागत (लाखों में) (प्रति ग्राम पंचायत) | धरोहर राशि (प्रति ग्राम पंचायत) (लाखों में) | ऑनलाईन निविदा विक्रय/डाउनलोड /प्राप्ति दिनांक | अमानत राशि/निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग शुल्क राशि का डीडी दिनांक एवं समय | ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोलगांव | 40.00 | 0.80 | 12.05.25 10.00 AM | 26.05.25 1.00 PM | 15.06.25 11.00 AM |

**बिड की शर्ते :**

1. धरोहर राशि के सम्बंध में वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-2 (1)/वित्त/जीएण्डटी -ए.जी.एफ.सी/2017 दिनांक 23.12.2020 के अनुसार बिड सिक्युरिटी हेतु घोषणा पत्र मान्य नहीं होगा ।
2. बोली प्रतिभूति राशि के बिना प्राप्त बिड पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
3. विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु आनुसांगिक सामग्री आपूर्ति के लिए बिड प्रपत्र, बिड से संबंधित नियम, शर्ते सम्बन्धी दस्तावेज निर्धारित बिड शुल्क लोक उपापन की बेवसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। डाउनलोड किए गए बिड प्रपत्र का निर्धारित शुल्क/धरोहर राशि बिडदाता पृथक से बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट सम्बन्धित ग्राम पंचायत के नाम से देय होगा।
4. प्रोसेसिंग शुल्क का डीडी / बैंकर चैक उक्तानुसार M. D. RISL JAIPUR के नाम जो जयपुर में देय हो जिसे ग्राम पंचायत जमा करायेगी ।
5. महात्मा गांधी नरेगा में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु आनुसांगिक सामग्री आपूर्ति के लिए तकनीकी बिड की प्रतिलिपी सील बन्द लिफाफे में जिसके ऊपर संबंधित बिड का विवरण अंकित हो, सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय में निर्धारित दिनांक 19.06.2025 को अपराह्न 5.00 बजे तक पहुंच जानी चाहिए। तकनीकी बिड में सभी आवश्यक दस्तावेज जो निविदा शर्तों में उल्लेखित है संलग्न होना आवश्यक है इसके अभाव में तकनीकी बिड को निरस्त मानते हुए वित्तीय बिड पर विचार नहीं किया जावेगा । निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त बिड स्वीकार्य नहीं होगी।
6. सम्बन्धित क्रिय समिति न्यूनतम दर वाली संविदा को स्वीकार किए जाने के लिए बाध्य नहीं है, तथा वह किसी भी बिड को या उसके किसी भी भाग को बिना कोई कारण बताये रद्द कर सकेगी।
7. उपरोक्त शर्तो के अतिरिक्त जहां आवश्यक हो इसके साथ ही राज्य में दिनांक 28.01.2013 से राजस्थान लोक उपापन में मारदर्शिता अधिनियम-2012 व नियम-2013 प्रभावशील है, जो उक्त बिड पर प्रभावशील होंगे।
8. निविदा से संबंधित विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

उक्त बिड प्रक्रिया कार्यक्रम के अनुसार eproc ग्राम पंचायत स्तर पर सम्पन्न की जावेगी ।

**रज्जो-प्रशासक**
**ग्राम पंचायत कोलगांव**
**पं. स. किशनगढ़बास (खैरथल-तिजारा)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत कोलगांव**
**पं. स. किशनगढ़बास (खैरथल-तिजारा)**



## कार्यालय ग्राम पंचायत जसाई पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर)

क्रमांकः 21 दिनांक : 8.05.2025

**निविदा सूचना सं. 2025-26**

राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत एवं राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग / जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग / सार्वजनिक निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदको एवं केन्द्रीय / राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदाये खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। NIB No. ZAL2526A0239 UBN No. ZAL2526WSLB00472

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गंदे पानी की निकासी हेतु भूमिगत पाईप लाईन डालना हसराज चौधरी के घर से नदी की ओर जसाई | 16.5.2025 11 AM | 16.5.2025 1 PM | 16.5.2025 4 PM | 9.94 लाख | 20000 | 500 |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण, निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**वीरेन्द्र कुमार शर्मा-सरपंच**
**ग्राम पंचायत जसाई**
**पं.स. मुण्डावर (अलवर)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत जसाई**
**पं.स. मुण्डावर (अलवर)**



## कार्यालय ग्राम पंचायत सराय कलां पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर)

क्रमांकः ग्रा.प./निविदा/2205-26/21 दिनांक : 6.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2025-26**

राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत एवं राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग / जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग / सार्वजनिक निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदको एवं केन्द्रीय / राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदाये खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। NIB No. ZAL2526A0238 UBN No. ZAL2526WSLB00471

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल की चार दीवारी सिरोड़ खुर्द | 16.5.2025 11 AM | 16.5.2025 1 PM | 16.5.2025 3 PM | 9.95 लाख | 19,900 | 500 |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण, निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**चन्द्रकला-सरपंच**
**ग्राम पंचायत सराय कलां**
**पं.स. मुण्डावर (अलवर)**

**आशीष कुमार-ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सराय कलां**
**पं.स. मुण्डावर (अलवर)**

# जैसलमेर के पोहड़ा गांव में हैंड ग्रेनेड व कारतूस मिले

## ग्रामीणों की सूचना के बाद पुलिस पहुंची मौके पर, सेना को दी सूचना

जैसलमेर, 12 मई। जैसलमेर के सदर थाना इलाके के पोहड़ा गांव में रविवार अलसुबह पुराना हैंड ग्रेनेड व कुछ जंग लगे कारतूस मिले। अलसुबह असला मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी जानकारी सदर थाना पुलिस को दी। सदर थाना पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और जांच की। सदर थाना प्रभारी बगडू राम ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके से ग्रामीणों की भीड़ को हटाया और सामान को कब्जे में लिया है। मौके पर टीम को लगाया है और प्रशासन व सेना को इसकी सूचना दे दी है। भारतीय सेना इसकी जांच करेगी और डिस्पोज करने की कार्रवाई करेगी। सदर थाना प्रभारी बगडू राम ने बताया कि हालांकि हैंड ग्रेनेड पर पिन लगी है और कारतूस भी जंग लगे हैं। इससे लगता है कि ये पुराना है और ये सब सेना के किसी युद्धाभ्यास के दौरान के लगते है। लेकिन वर्तमान हालातों को देखते हुए इसकी जांच के लिए भारतीय सेना को सूचना दी गई है। गौरतलब है कि जिले में गुरुवार रात हुए ड्रोन अटैक के बाद से कई जगहों से इस तरह के बम व अन्य मिसाइल व ड्रोन आदि के टुकड़े मिल रहे हैं। जिसको सेना व पुलिस अपने कब्जे में ले रही है, ताकि जनता में कोई पैनिक नहीं फैले।

सदर थाना बगडू राम ने भी जनता से अपील की है कि ये सब पुराने बम व कारतूस हैं और इसका जल्द ही निस्तारण होगा। यदि इस तरह की कोई भी चीज नजर आए तो उसको छूना नहीं है और सीधे पुलिस को जानकारी देनी है। जैसलमेर शहर की जिन्दानी चौकी इलाके में बाजार के खुलने का सिलसिला धीरे-धीरे शुरू हुआ। इधर जैसलमेर में जिला प्रशासन ने रविवार सुबह शहर में सभी तरह की गतिविधियों को दोबारा सुचारू करने की अनुमति दे दी है।

सुबह रोजाना की तरह बाजार खुले। जिला प्रशासन ने अनुमति जारी करते हुए बाजार को सामान्य दिनों की तरह खोलने के निर्देश जारी किए। इसके बाद शहर की जिन्दानी चौकी इलाके में बाजार के खुलने का सिलसिला धीरे धीरे शुरू हुआ।

## राष्ट्रीय लोक अदालत- 89,924 प्रकरणों का निस्तारण करीब 16 करोड़ 75 लाख रुपए के अवार्ड पारित किए

हनुमानगढ़, 12 मई। जिला विधिक प्राधिकरण की तरफ से शनिवार को जिले भर में राष्ट्रीय लोक अदालत हुई। प्राधिकरण अध्यक्ष तनवीर चौधरी के अनुसार लोक अदालत में न्यायालय में राजीनामा योग्य लंबित फौजदारी, सिविल, वित्तीय संस्थानों के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों, राजस्व प्रकरणों सहित विभिन्न योजनाओं के मामलों को शामिल करते हुए कुल 89924 मामलों का निस्तारण करते हुए 16 करोड़ 75 लाख रुपए से अधिक के अवार्ड पारित किए गए। उक्त मामलों के निस्तारण न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों तथा आमजन को मुकदमों आदि के भार से काफी राहत दिलाई गई एवं लोक अदालत में विभिन्न वित्तीय संस्थानों बैंक, बीमा आदि को राजस्व का भी अर्जन हुआ। प्राधिकरण सचिव गजेंद्र सिंह तेनगुरिया ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का एक ही नारा ना कोई जीता ना कोई हारा को साकार करते हुए अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में आमजन व पक्षकारों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया तथा अपने लम्बित व प्रीलिटिगेशन प्रकरणों को निपटाया। उक्त प्रकरणों के निपटान से समाज में राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से एक अच्छा सन्देश भी गया है। इस मौके पर पारिवारिक न्यायाधीश अशोक कुमार टाक, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड राकेश कुमार, ग्राम न्यायाधिकारी अविनाश कुमार चांगल, सेवानिवृत न्यायाधीश अमरचंद सिंघल आदि मौजूद थे।

# रेलवे स्टेशनों पर बढ़ाई सुरक्षा यात्री सामान की हो रही जांच

हनुमानगढ़, 12 मई। पहलगाम में आतंकी हमले और जवाबी कार्रवाई के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। रेलवे स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल की ओर से सुरक्षा जांच के तहत सामान की जांच की जा रही है। इस संबंध में सहायक सुरक्षा आयुक्त/यात्री सुरक्षा, रेलवे सुरक्षा बल, उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर की ओर से विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों की पालना में सेक्शन में विशेष चैकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। गाड़ियों में या यात्रियों के पास संदिग्ध वस्तु आदि न हो, इसके लिए सघन चैकिंग की जा रही है। तोड़फोड़ या शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों के तहत रेलवे पुलों की जांच की जा रही है। मैनपावर के संबंध में स्टाफ की छुट्टियां रद्द कर उन्हें वापस बुला लिया गया है। विश्वसनीय खतरे के आकलन प्राप्त करने और उस पर कार्रवाई करने के लिए खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय संपर्क बनाया जा रहा है। रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए लगातार तीन शिफ्टों में कर्मचारी लगाकर प्रभावी निगरानी की जा रही है। प्लेटफार्म और सर्कुलेटिंग एरिया में गेट पर तीन शिफ्टों में लगातार 24 घंटे स्टाफ तैनात है। यात्रियों के पास टिकट की जांच की जा रही है। रेलवे ट्रैक, यार्ड और स्टेशन पर गश्त बढ़ाई गई है। घुसपैठ, तोड़फोड़ को रोकने के लिए रात के समय सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। संभावित खतरों को रोकने के लिए महत्वपूर्ण यात्री और माल गाड़ियों पर सशस्त्र आरपीएफ कर्मियों को तैनात किया गया है।

## ओडीओपी ईकाइयों का पंजीकरण कराना अनिवार्य

जैसलमेर, 12 मई। बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान-2024 के तहत भारत सरकार के निर्देश पर राज्य की सभी ओडीओपी विनिर्माता इकाइयों का ऑनलाइन एसएसओ पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। जैसलमेर जिले में एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत येलो स्टोन को चिन्हित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य संबंधित इकाइयों को प्रोत्साहन देना है। राजस्थान सरकार ने तय किया है कि ओडीओपी से जुड़ी औद्योगिक इकाइयों को सभी लाभ केवल पंजीकरण के बाद ही दिए जाएंगे। जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक संतोष कुमारी ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने जिले की पीले पत्थर आधारित इकाइयों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कराएं और योजना का लाभ उठाएं। आवेदक की नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, एसएसओ आईडी, आधार कार्ड, पैन कार्ड (व्यक्तिगत या फर्म), उद्यम रजिस्ट्रेशन, पहला विक्रय बिल, उत्पाद के विक्रय योग्य फोटोग्राफ, जाति प्रमाण पत्र और जीएसटी रजिस्ट्रेशन शामिल हैं।

### जालोर में पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त

# दिन का तापमान पहुंचा 34.2 डिग्री पर, फिर गर्मी बढ़ने के साथ लू चलने की संभावना

जालोर, 12 मई। पश्चिमी राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने के साथ जालोर में गर्मी व लू का दौर फिर शुरू हो गया हैं। जिससे शनिवार को दिन का तापमान 34.2 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं मौसम विभाग ने आगामी दिनों में गर्मी के साथ लू चलने की संभावना जताई है। राजस्थान के पश्चिमी भाग में पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त हो गया। आगामी दिनों में कोई विक्षोभ सक्रिय नहीं होने से जालोर-सांचौर समेत जिले भर में आगामी दिनों में कोई बारिश की संभावना नहीं हैं।

जिससे जिले में फिर गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया है। वहीं शनिवार सुबह हल्के बादल छाए रहे। करीब 12 बजे तेज धूप खिली जिससे दिन भर कड़ाके की धूप रही। हालांकि दिन भर 11 किमी की गति से हवाओं का दौर भी चला। जिससे दिन व रात के तापमान में 1-1 डिग्री गिरावट होकर दिन का तापमान 34.2 व रात का तापमान 21.4 डिग्री दर्ज किया गया हैं। वही शुक्रवार को दिन का तापमान 35.2 व रात का तापमान 21.4 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विशेषज्ञ भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि आगामी सप्ताह के अंत तक जालोर में दिन का तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने के साथ ही फिर से लू चलने की प्रबल संभावना बनी हुई हैं। वही जिले में कई-कई बादल भी छाए रहेंगे। हालांकि इस दौरान बारिश की संभावना नहीं हैं।

## अपात्र लोगों को 31 तक छोड़नी होगी पात्रता

जैसलमेर, 12 मई। प्रदेश के राज्य सरकार निरंतर वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री के इस संबंध में स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभांवित किया जाए ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। जिला रसद अधिकारी रामसिंह मीणा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदंड राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम 2023 अनुसूची-1 में परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी, अर्द्ध सरकारी या स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो को सूची से बाहर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 1 नवंबर 2024 से शुरू हुए गिव अप अभियान की अब अंतिम तिथि 31 मई 2025 निर्धारित है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में 4 हजार 500 से अधिक लोगों ने अपनी पात्रता छोड़ दी है। साथ ही इच्छुक व्यक्ति खाद्य विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री के आदेशों की पालना के तहत 26 जनवरी 2025 को खाद्य सुरक्षा योजना पोर्टल खोला

# माली समाज सेवा संस्थान के चुनाव संपन्न

जालोर, 12 मई। जालोर में माली समाज सेवा संस्थान के द्विवार्षिक चुनाव शनिवार को संपन्न हुए। जिसमें नितिन सोलंकी 34 वोटों से विजयी घोषित हुए। चुनाव अधिकारी एडवोकेट लक्ष्मण सिंह सांखला व सहायक चुनाव अधिकारी मुकेश सांखला ने बताया कि माली समाज सेवा संस्थान के चुनाव शनिवार को माली समाज छात्रावास परिसर में आयोजित किए गए। जिसमें सुबह 8 से 9 बजे तक नामांकन पत्र मिलने तथा जमा किए गए। जिसके बाद 9 बजे से 9.30 बजे नामांकन की जांच कि गई। तथा दोपहर 12 बजे तक नाम वापसी का समय रहा। जिसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान किया गया। जिसके बाद मतगणना हुई। अध्यक्ष पद पर तेनसिंह परमार को 183 वोट, नितिन सोलंकी को 217, मोहनलाल 54 व विक्रम सोलंकी को 61 वोट मिले। इसमें नितिन सोलंकी 34 वोटों से जीते। जिसके बाद चुनाव अधिकारी लक्ष्मण सिंह व सह चुनाव अधिकारी मुकेश सांखला ने निर्वाचित घोषित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष का माली समाज के लोगों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

## 46 किलो 550 ग्राम पोस्त सहित तीन गिरफ्तार, दो वाहन जब्त किए

हनुमानगढ, 12 मई। टाउन पुलिस ने गांव कोहला रोही में भारत माला रोड से मेगा हाइवे पर 46 किलो 550 ग्राम पोस्त सहित तीन जनों को गिरफ्तार कर दो वाहन जब्त किए। खास बात है कि इसमें एक बोलेरो गाड़ी कार को एस्कॉर्ट कर रही थी जिससे सवार व्यक्ति को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। एसआई ज्योति ने बताया कि गश्त के दौरान डीएसटी की सूचना पर मेगा हाइवे से भारत माला की तरफ चढ़ने वाले कच्चे रास्ते पर हरियाणा नंबर की अल्टो कार व कार को एस्कॉर्ट कर रही बोलेरो गाड़ी को रोककर तलाशी ली तो कार से पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने विक्रमजीत उर्फ विक्की बिश्नोई ढाणी लोंगवाला, इंद्रजीत मजबी सिख चक 4 एसकेएसबी लखासर व हरप्रीत सिंह वार्ड 1 लिखमीसर को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच साइबर थानाधिकारी हनुमानाराम बिश्नोई को सौंपी गई है।

# जैसलमेर में बढ़ी गर्मी ने किया परेशान, उमस और तेज धूप ने किया परेशान

जैसलमेर, 12 मई। जैसलमेर में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। गुरुवार रात को बदले मौसम के बाद हुई तेज बरसात के बाद शुक्रवार को उमस बढ़ गई थी। वहीं शनिवार को तेज धूप ने लोगों को परेशान किया।

शनिवार को अलसुबह से तेज गर्मी रही। वहीं दोपहर होते ही गर्मी का असर तेज हो गया। लोगों को भीषण गर्मी और उमस ने परेशान किया। मौसम विभाग के अनुसार आज जैसलमेर जिले में अंधड़ व बारिश होने की संभावना है।

कल से मौसम के साफ़ रहने की संभावना जताई गई है। आने वाले दिनों में गर्मी के बढ़ने की आशंका है। गौरतलब है कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से गुरुवार रात अचानक मौसम बदल गया था। तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हुई। जैसलमेर शहर व पोकरण समेत ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं हल्की तो कहीं अच्छी बारिश हुई। जैसलमेर शहर में शुक्रवार सुबह 8.30 बजे तक 11.2 एमएम बारिश दर्ज की गई।

बारिश से तापमान में गिरावट से लोगों को गर्मी से राहत मिली। शुक्रवार को उमस का असर बढ़ गया। हालांकि हल्के बादल दिनभर छाए रहे। दोपहर बाद हवाएं चलने लगीं। जैसलमेर जिले में गुरुवार रात हुई कई इलाकों में बारिश के बाद रात को तेज हवाएं चलने लगी जिससे मौसम में ठंडक घुल गई।

शुक्रवार को मौसम साफ रहा। वहीं शनिवार को भी मौसम साफ़ रहा और गर्मी का आलम बरकरार रहा। शनिवार को जिले में अंधड़ व बारिश होने की संभावना है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया की जिले में शनिवार को मौसम में बदलाव होगा जिससे जिले में तेज हवाओं के चलने व बरसात होने की संभावना है। जिले में रविवार से मौसम साफ रहने की संभावना है। और आने वाले दिनों में गर्मी का असर बढ़ने की आशंका है।

# ब्रांडेड कंपनियों की आइसक्रीम जांच में सब स्टैंडर्ड, आइसकैंडी अमानक, फर्मों को नोटिस

हनुमानगढ़ , 12 मई। जिले में चल रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत लिए गए ब्रांडेड कंपनियों की आइसक्रीम के सैंपल जांच में अनसेफ पाए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तीनों संस्थानों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि एफएसओ सुदेश कुमार एवं रफीक मोहम्मद द्वारा गत 22 अप्रैल को जिले विभिन्न ब्रांड की आइसक्रीम एवं आइसकैंडी के नमूने लेकर बीकानेर की जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला मे जांच के लिए भेजे गए थे, जांच रिपोर्ट में कई नामी आईसक्रीम कंपनियों की आइसक्रीम जांच में सब स्टैंडर्ड पाई गई। जंक्शन से मै. ममता एजेंसी से लिए गए वॉडीलाल ब्रांड आइसक्रीम में मिल्क फेट निर्धारित 10 से कम 6.84 प्रतिशत पाया गया। टाउन में कोहला स्थित गणेश ट्रेडिंग कंपनी से लिए गए क्रीमवेल ब्रांड की आइसक्रीम में मिल्क फेट 10 से कम 7.11 प्रतिशत, टाउन स्थित अल्फा मार्केट स्थित न्यू कामरा एन्टरप्राइजेज से अमूल ब्रांड आइसक्रीम में मिल्क फेट निर्धारित मात्रा से 3.49 प्रतिशत एवं साथ ही टोटल सोलीड 36.0 की जगह 23.56 प्रतिशत होना पाए जाने पर सबस्टैण्डर्ड पाया गया है। सीएमएचओ ने बताया कि संग्रहित किए गए नमूनों में क्रीमवेल की आइसकैण्डी, हेमोर ब्राण्ड की आइसक्रीम एवं आइसकैंडी जांच रिपोर्ट में पूर्णत्तया अमानक पाई गई है। रिपोर्ट के संबंध में संबंधित फर्म को नोटिस जारी किए हैं। निर्धारित समय अवधि उपरान्त सक्षम न्यायालय में वाद प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

# सांचौर पुलिस ने की 20 लाख की शराब की जब्त

सांचौर, 12 मई। सांचौर पुलिस ने ऑपरेशन मदमर्दन के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए पंजाब में बिकने वाली अवैध शराब के 46 कार्टनों में भरी कुल 132 बोतलें जब्त की हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में की गई। इस दौरान एक बिना नंबर की इनोवा कार भी बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत जब्त शराब सहित करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस टीम का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आवडदान रतनू, सहायक पुलिस अधीक्षक एवं वृताधिकारी कांबले शरण गोपीनाथ और थानाधिकारी देवेंद्रसिंह ने किया। टीम को यह सफलता नियमित गश्त के दौरान मिली। एसपी ज्ञानचंद यादव ने बताया- पुलिस उप निरीक्षक गंगाप्रसाद और उनकी टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि भारतमाला थराद रोड पर एक दुर्घटनाग्रस्त वाहन खड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस को वहां बिना नंबर की इनोवा कार मिली। तलाशी के दौरान कार से 46 कार्टनों में 132 कांच की बोतलों में भरी शराब बरामद की गई, इसके अतिरिक्त वाहन से कुल 6 नंबर प्लेट भी बरामद हुईं, जिन पर विभिन्न राज्यों के पंजीकरण नंबर दर्ज थे। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक गंगाप्रसाद के साथ सिपाही सेवाराम, भजनलाल और चालक दिनेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सीकर में आईवीएफ से जुड़वा बच्चों का जन्म

सीकर, 12 मई। सीकर के हॉस्पिटल में ढ्ढङ्क्स्न सेंटर से निसंतान दंपती को संतान सुख की खुशी दी गई। जानकारी के अनुसार, अरिहंत हॉस्पिटल सीकर की डॉ. सरिता जैन के नेतृत्व में एक महिला ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया।

दरअसल, बेंगलुरु के एक प्रतिष्ठित सेंटर में 5 बार ढ्ढङ्क्स्न असफल होने के बाद सीकर में पहली कोशिश में एक महिला ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया। इसके अलावा वेजाइनल एजेनेसिस, हाइड्रोसैलपिन्स और डर्मॉइड सिस्ट जैसी जटिलताओं से जूझ रही एक महिला ने ढ्ढङ्क्स्न के जरिए एक बेटा और एक बेटी को जन्म दिया। गंभीर एंडोमेट्रियोसिस और एडेनोमायोसिस से पीड़ित एक अन्य महिला ने दवाओं से यूटेरस का आकार कम कराकर स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। सेंटर की उन्नत तकनीकों जैसे टीईएसई (टेस्टीकुलर स्पर्म एक्सट्रैक्शन), पीईएसए (पर्क्यूटेनियस एपिडिडाइमल स्पर्म एस्पिरेशन), एम्ब्रियो बायोप्सी, और पीजीटी (प्रीइम्प्लांटेशन जेनेटिक टेस्टिंग) ने असाधारण परिणाम दिए। यहां नॉन-ऑबस्ट्रेक्टिव अजूस्पर्मिया में टेस्ट से केवल 6-7 स्पर्म मिलने के बावजूद सफल गर्भधारण हुआ। इसी तरह जेनेटिक ट्रांस-लोकेशन वाले दंपती को क्क्रञ्ज के जरिए स्वस्थ जुड़वां गर्भावस्था मिली। डॉ. सरिता जैन ने बताया कि हमारा मिशन है कि छोटे शहरों में भी विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हों। हम सीकर में वही तकनीक और देखभाल प्रदान कर रहे हैं, जो पहले केवल महानगरों में संभव थी। इस सेंटर ने न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया बल्कि असंख्य परिवारों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी है।

## सिंधु समर कैंप में रजिस्ट्रेशन को लेकर उत्साह, फॉर्म लेने उमड़ रही भीड़

जोधपुर, 12 मई। विश्व सिंधी सेवा संगम, छत्ती देवी व लेखूमल पारवानी की स्मृति में सिंधी वेलफेयर एंड मेडिकल सोसायटी की ओर से 14वां सिंधु समर कैंप में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन जारी है। कैंप 1 से 15 जून तक चलेगा। अध्यक्ष कन्हैयालाल टेवानी व उपाध्यक्ष दिनेश भंबानी ने बताया कि चौहाबो स्थित सिंधु महल में लगने वाले शिविर के फॉर्म लेने के लिए समाज के बच्चों व बड़ों की भीड़ उमड़ रही है। इसमें स्केटिंग, योगा, एक्यूप्रेशर, कराटे, सेल्फ डिफेंस, इंग्लिश स्पोकन, एरोबिक्स जुंबा, सिंधी भाषा, सिंधी नृत्य व व्यंजन, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्नैक्स डेजर्ट, वेस्टर्न डांस, बेसिक गणित, ब्यूटीशियन, एंकरिंग, मेहंदी, सिलाई कोर्स, लीगल नॉलेज कोर्स आदि का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैंप को-ऑर्डिनेटर दीपक मोटवानी व राजकुमार परमानी ने बताया कि फॉर्म सिंधु महल और प्रतिभा पब्लिक स्कूल में उपलब्ध हैं।

## तय तारीख से चार दिन पहले 27 मई को केरल पहुंचेगा मानसून-आईएमडी

जैसलमेर, 12 मई। देशवासियों के लिए खुशखबरी है कि मानसून-2025 अपने आगमन की तय तिथि 1 ?जून से चार दिन पहले ही 27 मई को केरल में दस्तक दे देगा। दरअसल, केरल में मानसून के दस्तक देने की सामान्य तिथि एक जून है।

आईएमडी ने पूर्वानुमान के अनुसार मानसून 23 मई से लेकर 31 जून के बीच कभी भी आ सकता है। मौसम विभाग(आईएमडी) ने इससे पहले बताया कि बंगाल की खाड़ी में 21 मई की सामान्य तिथि से पहले ही 13 मई को मानसून पहुंच सकता है। पिछले वर्ष 19 मई को दस्तक दी थी और केरल में 30 मई को पहुंचा था। इस बार अल-नीनो व ला नीनो की परिस्थितियां नहीं बनेंगी। इस बार 106 फीसदी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। आईएमडी 2005 से मानसून के आगमन की तिथि की भी भविष्यवाणी करता है। मौसम विभाग का दावा है कि 2015 को छोड़कर बीते 20 वर्षों की उसकी भविष्यवाणी सही साबित हुई है। हालांकि बता दें कि आईआईडी घोषित तिथि में 4 दिन कम या ज्यादा होने की गुंजाइश रखता है।

# सभी दलों का साथ मिला, प्रदेश की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता -भजनलाल

जैसलमेर, 12 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश और प्रदेशवासियों की सुरक्षा राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हम परिस्थितियों का विश्लेषण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अहम निर्णय ले रहे हैं। इसमें सरकार को सभी दलों का भी सहयोग मिलना बेहद आवश्यक है। शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में सर्वदलीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी दलों से एकजुटता और आपसी सामंजस्य स्थापित करने का आह्वान करते हुए कहा कि वे प्रदेश हित में सरकार के साथ मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। सर्वदलीय बैठक में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, विधानसभा में सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, कांग्रेस पार्टी प्रतिनिधि व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विधायक रफीक खान, राष्ट्रीय लोकदल से विधायक डॉ. सुभाष गर्ग, बहुजन समाज पार्टी से विधायक मनोज कुमार एवं भारत आदिवासी पार्टी से विधायक उमेश मीणा ने भाग लिया। सीमावर्ती जिलों को आर्थिक सहायता, भरे गए रिक्त पद- मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती जिलों में मानव संसाधन की आवश्यकता को देखते हुए सभी रिक्त पदों को तुरंत भरने की कार्यवाही की जा रही है। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर, जोधपुर, हनुमानगढ़ एवं फलौदी जिलों के लिए रिवॉल्विंग फंड उपलब्ध करवाया गया है।

# नहरबंदी समाप्त अब नियमित मिलेगा नहरी पानी

जैसलमेर, 12 मई। भारत-पाक के बीच बढ़ रहे तनाव को देखते हुए सरकार द्वारा नहरबंदी खत्म करने का निर्णय लिया गया है। जिसके चलते अब नहरों में नियमित पानी छोड़ा जाएगा।

गौरतलब है कि गत 26 मार्च से नहरबंदी शुरू की गई थी। जिसके पहले चरण में एक महीने तक आंशिक पेयजल छोड़ने तथा दूसरे चरण में एक महीने तक पूरी तरह से नहरबंदी के आदेश जारी किए गए थे। 26 मार्च से शुरू हुई नहरबंदी में पहले चरण में 26 अप्रैल तक आंशिक रूप से नहरों में पेयजल के लिए पानी छोड़ा गया था। जिसके बाद 27 अप्रैल से 27 मई तक पूरी तरह से नहरबंदी थी। जिसके लिए नहरी विभाग व जलदाय विभाग द्वारा पानी का स्टोरेज किया गया था। उसी संग्रहित किए गए पानी से ही पेयजल की आपूर्ति की जा रही थी लेकिन दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव के बाद सरकार ने नहरबंदी को तुरंत प्रभाव से निरस्त कर दिया है। ऐसे में आगामी दिनों में अब नहर में पानी छोड़ दिया जाएगा। जिससे सरहदी जिले जैसलमेर के टेल पर बैठे किसानों को अब पानी मिल पाएगा। नहरों में पानी की आपूर्ति शुरू करने के निर्णय के बाद अब अब नहरों में पानी छोड़ दिया जाएगा। गौरतलब है कि सीमावर्ती जिलों में पेयजल आपूर्ति सिर्फ इंदिरा गांधी नहर के माध्यम से ही पहुंचाया जाता है। राजस्थान के गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर व बाड़मेर जिलों के साथ करीब 15 जिलों में इसी नहर से जलापूर्ति की जाती है। वर्तमान हालात को देखते हुए सरहदी जिलों में पेयजल की समस्या नहीं हो। इसके लिए ही यह निर्णय लिया गया है।

## डोटासरा का बॉर्डर जिलों के पार्टी अध्यक्षों को पत्र, लोगों की पूरी मदद करें

सीकर, 12 मई। भारत पाकिस्तान के बीच उत्पन्न हालातों के बीच कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सीमावर्ती 8 जिलाध्यक्षों को पत्र लिखा है। डोटासरा ने जिलाध्यक्षों को कहा कि सीमावर्ती इलाकों के लोगों की हर संभव मदद के लिए जिलाध्यक्ष तत्पर रहते हुए हर संभव मदद पहुंचाएं। उन्होंने बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर शहर, बीकानेर देहात, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जोधपुर शहर और जोधपुर देहात जिलाध्यक्ष को पत्र में लिखा है कि आपके इलाके के कांग्रेसजन लोगों की हर संभव मदद करें। सीमावर्ती लोग घबराएं नहीं। पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए हमारी सेना सक्षम है। लेकिन नागरिकों को किसी संकट में हर संभव मदद पहुंचाना हमारा कर्तव्य है।

## पीएचईडी अधिकारियों ने पानी चोरों का पता लगाने के लिए लाइनों का सर्वे किया

जोधपुर, 12 मई। शहर और गांवों की जलापूर्ति सामान्य रखने और पानी चोरों का पता लगाने के लिए पीएचईडी अधिकारियों ने शनिवार को पाइप लाइनों का सर्वे कर अवैध जल कनेक्शन चिह्नित किए। पीएचईडी के मुख्य अभियंता मनीष बेनीवाल व देवराज सोलंकी तथा अतिरिक्त मुख्य अभियंता दिनेश नागौरी के निर्देश पर एसई जिला वृत अजय किशन छंगाणी के निर्देशन में पीएचईडी के एक्सईएन जिला वृत द्वितीय महेंद्र किराड, एईएन चिमनलाल बैरवा, नरेंद्रपाल सिंह, मानसिंह, जेईएन जितेंद्र सारस्वत, रामबाबू के नेतृत्व में टीमों ने माणकलाव-दईजर-बनाड़ परियोजना लाइन का निरीक्षण किया। कुड़ी हौद से भाकरासनी, भाकरासनी से सालावास तक, उम्मेद सागर से लूणावास भाकर, पीसावास, भांडूकलां, भांडू खुर्द आदि लाइनों का निरीक्षण कर अवैध जल कनेक्शन चिह्नित किए। इस दौरान टीमों को घरों और खेतों में पाइप लाइन खींचकर पानी चोरी करते दिखे। टीमों को देख कई टैंकर चालक भाग निकले। टीमों ने इनका पीछा भी किया, लेकिन खेतों में हाथ नहीं आए। माणकलाव व कुड़ी हौद से 200 टैंकर से आसपास के 100 से अधिक गांव-ढाणियों में वाटर सप्लाई की व्यवस्था देखी। यहां कंटीजेंसी प्लान के तहत वाटर सप्लाई का कार्य किया जा रहा है। पीएचईडी एक्सईएन किराड ने कुड़ी हौद में टैंकर पर निगरानी के लिए बनाए कंट्रोल रूम में स्टाफ व टैंकर की आवाजाही का रजिस्टर भी चैक किया। जीपीएस व्यवस्था भी देखी।

## स्वावलंबन पोर्टल पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए आवेदन आमंत्रित

जैसलमेर, 12 मई। दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र व यूडीआइडी कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल पर ही लिए जा रहे है।

जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी भवानीसिंह चारण ने बताया कि राज्य में 1 मार्च 2024 से दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र व यूडीआइडी कार्ड भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल पर ऑनलाइन लिए जा रहे है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगताओं के प्रमाणीकरण के लिए स्वावलंबन पोर्टल पर मेप्ड चिकित्सा संस्थानों तथा चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा प्रमाणीकरण कर प्रमाण पत्र एवं कार्ड जारी किया जाता है। उन्होंने जिले के ग्रामीण क्षेत्र के समस्त पंचायत समिति के विकास अधिकारियों तथा शहरी क्षेत्र के नगरपरिषद व नगरपालिका अधिकारियों को पत्र जारी कर अपील की है कि आप अपने क्षेत्र में इसका अधिकाधिक प्रचार प्रसार करवाकर वंचित दिव्यांगजनों के आवेदन स्वावलंबन पोर्टल पर करवाकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र व यूडीआइडी कार्ड जारी कराए। उन्होंने बताया कि कार्ड के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश, जाखड़ांवाली धानमंडी में भीगा गेहू


हनुमानगढ़, 12 मई। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश हुई। इससे जहां गर्मी से राहत मिली वहीं मौसम खुशनुमा हो गया। हालांकि सुबह मौसम साफ रहा लेकिन दोपहर में बादलवाही और शाम को तेज हवाएं चलने के बाद बारिश शुरू हो गई। जिले के टिब्बी तहसील क्षेत्र सहित तलवाड़ा एवं विभिन्न गांव एवं चकों में बारिश हुई तो वहीं पीलीबंगा तहसील क्षेत्र में भी कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई। नोहर तहसील क्षेत्र के गांवों में भी हल्की बारिश होने के समाचार है। जाखड़ांवाली धानमंडी में बारिश से खुले में पड़ा गेहूं भीग गया तो वहीं किसानों ने बताया कि जहां तेज बारिश हुई।



# डॉक्टर बनने के बाद चुनी एक्टिंग

## दमदार किरदारों से बनाई अलग पहचान

# साई पल्लवी




**जिस** दौर में हीरोइनें यानी एक्ट्रेस बिना मेकअप के अपना चेहरा दिखाने तक से बचती हों, उस दौर में अगर कोई अभिनेत्री ऐसी हो जो न सिर्फ असल जिंदगी में बल्कि फिल्मों में भी मेकअप करने से बचती हो तो शायद इस पर यकीन कर पाना थोड़ा मुश्किल है। लेकिन ऐसी ही एक्ट्रेस हैं साउथ की साई पल्लवी। साई पल्लवी के बारे में ये मशहूर है कि उन्हें मेकअप करना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। साई अपनी सिम्पलीसिटी के लिए जानी जाती हैं। तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों में अपने अभिनय से सबको प्रभावित करने वाली साई पल्लवी आज अपना 33वां जन्मदिन मना रही हैं। साई पल्लवी को उनकी महिला केंद्रित फिल्मों और दमदार किरदारों के लिए जाना जाता है। अपने 10 साल के करियर में साई छह फिल्मफेयर (साउथ) और 2 दक्षिण भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड अपने नाम कर चुकी हैं। इन दिनों साई रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर चर्चा में हैं। जिसमें वो मां सीता के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म से साई बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। आज साई के जन्मदिन पर जानते हैं उनके सफर के बारे में। 9 मई 1992 को तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के कोटागिरी में जन्मी साई पल्लवी एक बडगा (बदगा) परिवार से आती हैं। साई पल्लवी का पूरा नाम साई पल्लवी सेंथमराई है। लेकिन फिल्मों में वो साई पल्लवी के नाम से ही जानी जाती हैं। साई पल्लवी एक अभिनेत्री के साथ-साथ डॉक्टर भी हैं। उन्होंने जॉर्जिया के त्बिलिसी स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी से मेडिकल की पढ़ाई पूरी की है। उन्होंने 2016 में एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है। मेडिकल की पढ़ाई करने के बावजूद साई ने एक्टिंग को अपना करियर बनाया। साई को अपनी पहली फिल्म मेडिकल की पढ़ाई के दौरान ही मिली थी। साल 2014 में जब साई जॉर्जिया में पढ़ाई कर रही थीं तभी निर्देशक अल्फोंस पुथ्रेन ने उन्हें अप्रोच किया था और मलयालम फिल्म 'प्रेमम' की स्क्रिप्ट सुनाई थी। पहले साई ने अल्फोंस पुथ्रेन को फिल्म के लिए मना कर दिया था।

जब उन्हें फिर से रोल ऑफर हुआ तो साई ने अल्फोंस को स्टॉकर समझा।

हालांकि, उन्होंने अपने बारे में बताया और फिर साई ने फिल्म में 'मलार' की भूमिका के लिए हां बोला। साई ने कॉलेज की छुट्टियों में फिल्म की शूटिंग की। 2015 में आई फिल्म 'प्रेमम' में साई के काम को काफी सराहा गया और मलार टीचर की भूमिका के लिए उन्हें साउथ का बेस्ट फीमेल डेब्यू का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला। साई ने 2016 में आई अपनी दूसरी मलयालस फिल्म समीर ताहिर द्वारा निर्देशित 'काली' के लिए पढ़ाई से एक महीने का ब्रेक लिया था।

## अब हॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगी

## कंगना रनौत



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अब हॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। वह हॉरर ड्रामा 'ब्लेस्ड बी द एविल' में पहली बार मुख्य भूमिका निभाएंगी। इस प्रोजेक्ट में कंगना के साथ टीन वुल्फ, टायलर पोसी और हॉलीवुड आइकन सिल्वेस्टर स्टेलोन की बेटी स्कारलेट रोज स्टेलोन होंगी। वैराइटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म का निर्माण इस गर्मी में न्यूयॉर्क शहर में शुरू होने वाला है। निर्माताओं ने खुलासा किया कि टीम ने जानबूझकर अमेरिकी स्थानों का चयन किया ताकि हाल ही में घोषित ट्रम्प इंडस्ट्री टैरिफ से उत्पन्न किसी भी अनिश्चितता से बचा जा सके।

### साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म है 'ब्लेस्ड बी द एविल'

इस फिल्म का निर्देशन अनुराग रुद्र ने किया है। जिन्होंने गाथा तिवारी लायंस मूवीज के अध्यक्ष और संस्थापक के साथ मिलकर इसकी स्क्रिप्ट भी लिखी है। 'ब्लेस्ड बी द एविल' एक साइकोलॉजिकल हॉरर है।

### क्या होगी फिल्म की कहानी?

रिपोर्ट के मुताबिक कहानी एक ईसाई कपल पर केंद्रित है जो गर्भपात के आघात से जूझ रहा है। एक नई शुरुआत की तलाश में, वह एक अंधेरे और भयावह इतिहास वाले एक छोड़े हुए खेत को खरीदते हैं, लेकिन यहां उनका सामना एक दुष्ट शक्ति से होता है।

## इलियाना ने पेरेंटिंग को लेकर शेयर किया नोट, बोलीं- मैं नहीं चाहती मेरे बच्चों को लेकर क्या



**अभिनेत्री** इलियाना डिक्रूज इन दिनों प्रेग्नेंट हैं और वो दूसरी बार मां बनने वाली हैं। इस बीच इलियाना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और प्रेग्नेंसी पर भी बात करती रहती हैं।

अब इलियाना ने पेरेंटिंग को लेकर एक नोट अपने सोशल मीडिया पर साझा किया है। इस नोट में उन्होंने लिखा कि वो अपने बच्चे को लेकर क्या चाहती हैं और क्या नहीं। इलियाना डिक्रूज ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने पिछले स्टेटस पर एक फैन के रिप्लाई का स्क्रीनशॉट शेयर किया।

## विदेश में हूं, लेकिन दिल और आत्मा पूरी तरह भारत के साथ : सेलिना जेटली



**मशहूर** अदाकारा सेलीना जेटली भले ही विदेश में हों, लेकिन उनका मन खबरों की हलचल के बीच भारत में उलझा हुआ है। उन्होंने भारतीय सेना की बहादुरी को सलाम किया और उन आम लोगों के साथ हमदर्दी जताई जो हमले से प्रभावित हुए हैं। उनका कहना कि उन्हें भारत की ताकत पर पूरा भरोसा है। सेलिना ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उल्लिखा, मैं ऑस्ट्रिया में हूं, लेकिन नींद नहीं आ रही। आज की रात सोना भी किसी 'लग्जरी' जैसी चीज लग रही है, क्योंकि मेरे देश में शांति पर हमला हो रहा है। मेरा दिल बेचैन है, एक तरफ मैं यहां के समय में हूं और दूसरी तरफ भारत की खबरों में उलझी हुई हूं। बेशक मैं दूर हूं, लेकिन मेरी आत्मा, मेरी भावना पूरी तरह भारत के साथ है। उन्होंने लिखा, हमारे बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों को धन्यवाद। आप हमारे और अव्यवस्था के बीच एक ढाल बनकर खड़े हैं। आप हमें उस खतरे से बचाते हैं, जो आम लोग शायद कभी महसूस भी नहीं कर पाते। आपका साहस सिर्फ युद्ध में नहीं, बल्कि उन अनगिनत खामोश कुर्बानियों में भी दिखता है, जैसे ठंडी रातों में जागकर सरहद की रक्षा करना, बिना रुके.. बिना थके हर कदम देश के लिए बढ़ाना। हम आज सुरक्षित हैं, चैन से जी रहे हैं, सांस ले पा रहे हैं, सिर्फ इसलिए क्योंकि भारतीय सेना अडिग खड़ी है, बिना डरे, बिना झुके।

# फिल्मी रानी योग के जरिए खुद को रखती हैं फिट

### क्लिप शेयर कर समझाया आसन का असली मतलब



**भोजपुरी** सिनेमा की जानी-मानी अदाकारा रानी चटर्जी हमेशा से ही अपनी एक्टिंग और दमदार अंदाज के लिए जानी जाती हैं, वहीं लोग उनकी फिटनेस के भी दीवाने हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि जिंदगी में जितना जरूरी काम है, उतना ही जरूरी अपने शरीर और मन की सेहत को भी बनाए रखना है। इस कड़ी में एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर योग करते हुए एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह योगासन करती नजर आ रही हैं। रानी ने अपने इंस्टाग्राम पर योग का वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह अनुलोम-विलोम, बद्धकोणासन, बाल आसन, नाड़ी शोधासन जैसे योगासन करती नजर आ रही हैं। वह सिर्फ शारीरिक रूप से फिट नहीं होना चाहतीं, बल्कि मानसिक शांति और आत्म-संतुलन भी चाहती हैं। इस वीडियो के साथ उन्होंने एक बेहद खूबसूरत कैप्शन भी दिया। उन्होंने लिखा- योग सिर्फ आत्म प्रेम और शांति के बारे में है। दरअसल, योग सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं है, यह एक तरीका है अपने भीतर झांकने का, अपने मन को शांत करने का। रानी अक्सर अपने इंस्टाग्राम पर योग और जिम में एक्सरसाइज करते हुए वीडियोज पोस्ट करती रहती हैं। एक समय था, जब वह काफी मोटी थीं। वजन कम करने के लिए उन्होंने खुद पर ध्यान देना शुरू किया और योग और जिम में जमकर पसीना बहाया।

# मॉर्निंग रूटीन में छिपा ब्यूटी फॉर्मूला निकिता दत्ता



**अभिनेत्री** निकिता दत्ता ने हाल ही में अपनी अनोखी और ताजगी भरी मॉर्निंग रूटीन का खुलासा किया। उनकी रूटीन में दो खास चीजें फेस आइसिंग और बैक हेयर फ्लिपिंग शामिल है। उन्होंने बताया कि वह दिन की शुरुआत फेस आइसिंग से करती हैं, इसमें वह बर्फ से चेहरे की मसाज करती हैं, ताकि स्किन तरोताजा और ग्लोइंग लगे। इसके बाद वह बैक हेयर फ्लिपिंग करती हैं। यह रूटीन उन्हें पॉजिटिव बनाए रखता है। निकिता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो की शुरुआत में वह फेस आइसिंग करती नजर आ रही हैं। इसके बाद वह अपने बालों की हेयरस्टाइलिंग करवाती दिख रही हैं, जो उनके बैक हेयर फ्लिपिंग का हिस्सा है। निकिता इंडस्ट्री की टैलेंटेड अदाकारा के तौर पर पहचानी जाती हैं। वो काफी ब्रेनी हैं। शरीर के साथ-साथ उनका दिमाग भी काफी फिट है। हाल ही में एक्ट्रेस ने खुलासा किया था कि वह एक्ट्रेस बनने से पहले यूपीएससी की परीक्षा देकर सिविल सर्विस में जाना चाहती थीं। उन्होंने बताया कि उनका पालन-पोषण ऐसे माहौल में हुआ जहां नियम और जिम्मेदारियां सबसे ज्यादा मायने रखती हैं। इसी परवरिश ने अनुशासन और मेहनत करना सिखाया। उन्होंने साथ ही खुलासा किया कि वह एक्ट्रेस बनने से पहले यूपीएससी की परीक्षा देकर सिविल सर्विस में जाना चाहती थीं। उन्होंने कहा, मैं एक आर्मी फैमिली से आती हूं। मेरे आसपास लगभग सभी ने किसी न किसी रूप में सेना में सेवा दी है। ऐसे अनुशासित माहौल में पली-बढ़ी होने के कारण, मैं भी एक ऐसा करियर चाहती थी जिसमें स्पष्टता और स्थिरता हो। एक समय ऐसा भी था जब मैं यूपीएससी की परीक्षा देकर सिविल सर्विस में जाना चाहती थी। लेकिन अब जब मैंने एक्टिंग को अपना पेशा चुना है, तो यह बदलाव मेरे लिए बहुत बड़ा लगता है।



# राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारियों की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण शीघ्र



**अलवर, 12 मई ( नसं )।** राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी परिषद (BMS से संबद्ध) अलवर के जिलाध्यक्ष श्री नंद लाल गुर्जर की अध्यक्षता में होटल निरवाना पैलेस, अलवर में परिषद की जिला स्तरीय कार्यकारिणी मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों के शपथ ग्रहण एवं नए सदस्यों के नामांकन पर गहन चर्चा की गई।

राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश मंत्री पीयूष शर्मा, जिला अध्यक्ष पुष्पराज शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश नेहरा, संगठन मंत्री मोहन सिंह चौधरी, चंद्र पुनीत शर्मा एवं उमरैण ब्लॉक अध्यक्ष संजय जैन के नेतृत्व में उपस्थित सभी नेताओं ने जिला अध्यक्ष नंद लाल गुर्जर को राज्य स्तर पर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित करने के अवसर पर माला एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया।

मुख्य वक्ता, राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेश कार्य समिति सदस्य चंचल शर्मा ने संगठन की रीति-निति एवं आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर प्रदेश मंत्री पीयूष शर्मा एवं जिला अध्यक्ष पुष्पराज शर्मा ने शपथ ग्रहण समारोह के लिए प्रत्येक को 5,100 रुपए देने की घोषणा की, जिसे सदस्यों ने जोरदार तालियों से स्वीकार किया।

परिषद के जिला महामंत्री केके शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि जिलाध्यक्ष नंद लाल गुर्जर ने समापन भाषण में सभी उपस्थित गणमान्यों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

बैठक में संरक्षक डॉ. राजेश गंगावत, परामर्शक बबीता सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, धीरज सिंह, प्रवक्ता नवीन अग्रवाल, विधि मंत्री वीरेंद्र शर्मा, मुकेश गुप्ता, प्रचारमंत्री आनंद इंदौरिया, सागरमल गुर्जर, दिनेश सेन, अशोक नधेड़िया, कोषाध्यक्ष जोगेंद्र गुप्ता, राहुल जोशी, मुकेश शर्मा, मुकेश गुप्ता, नंदकिशोर शर्मा, रचित अरोड़ा, नीरज जैन, अभिलाषा सारस्वत, रंजन मेहरा, गोपाल शर्मा, रघुवीर सहित अन्य कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।

# जमालपुर में पाकिस्तान पर विजय गाथा की अमिट गूंज

**मालाखेड़ा, 12 मई ( अवधेश सिंह )।** भारत के वीर सैनिकों ने 1965 एवं 1971 के युद्धों में पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक विजय प्राप्त की। 1965 के युद्ध में बॉर्डर सेक्यूरिटी फोर्स (BSF) के डिप्टी कमांडेंट अमर सिंह के नेतृत्व में लोगोंवाला पोस्ट पर पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब दिया गया।

इसी क्रम में पाकिस्तानी सैनिकों ने लोगोंवाला के पास घंटियाली माता के मंदिर पर बमबारी कर मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया। आज भी क्षतिग्रस्त मूर्ति समेत शिलालेख मंदिर में सुरक्षित है, जिसमें उल्लेख है कि माता की दैवीय शक्ति से पाकिस्तानी सैनिक अंधे हो गए और उनकी टुकड़ी ध्वस्त हुई।

1971 के युद्ध में भी भारतीय सैनिकों की बहादुरी और रणनीति से पाकिस्तान की पोस्टों पर कब्जा कायम हुआ। जैसलमेर सीमा पर स्थित तनोट माता मंदिर पर पाकिस्तानी सैनिकों ने बमबारी की, लेकिन देवी की कृपा से सभी बम निष्क्रिय हो गए।

इन दोनों युद्धों में जमालपुर के BSF जवान—पृथ्वी सिंह, धीर सिंह, बहादुर सिंह, भोंदू सिंह तथा डिप्टी कमांडेंट अमर सिंह—को उनके शौर्य के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा संग्राम मेडल एवं सेना मेडल प्रदान किए गए।



पूर्व जागीरदार स्व. शिवराम सिंह द्वारा निर्मित उनके घर के मंदिर में आज भी ये मेडल दिव्य प्रतिमानों के साथ सुशोभित हैं, जहां नियमित पूजा-अर्चना होती है। सेवानिवृत्त BSF के मुंशी सिंह, छगन सिंह, प्रभु सिंह, लक्ष्मण सिंह, रामकृष्ण सिंह, भारतीय सेना के सूबेदार, मेजर रहे गोपाल सिंह नरूका, महावीर सिंह, महेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, वायु सेना के जनक सिंह, मंगल सिंह तथा थल सेना के मंगल सिंह, सूरज सिंह, कप्तान सिंह, अशोक सिंह कहते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत मां की रक्षा के लिए वे पुनः सेवा देने को तत्पर हैं।

## बेटी की शादी में जार का शगुन भेंट

**अलवर, 12 मई ( नसं )।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) अलवर इकाई ने गत रविवार को आयोजित पत्रकार संगोष्ठी में अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान के नेतृत्व में कोर कमेटी ने पत्रकारों के परिवार में बहन एवं बेटियों के विवाह पर कन्यादान योजना शुरू की। इस योजना के प्रथम लाभार्थी के रूप में साथी फोटो-जर्नलिस्ट देवेन्द्र शर्मा की पुत्री के विवाह अवसर पर संगठन की ओर से 11,000 रुपए नकद एवं एक जोड़ी चांदी की पायजेब कन्यादान स्वरूप भेंट की गई।

जिलाध्यक्ष सुरेंद्र चौहान ने बताया कि आने वाले दिनों में जिले भर के सभी पत्रकारों का बीमा कराने की भी योजना है, जिससे उन्हें एवं उनके परिवारों को श्रम बाधा या आकस्मिक स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो सकेगी। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष व कोर कमेटी सदस्य उपस्थित रहे और नए सदस्यों को संगठन की नीतियों से परिचित कराया गया।

पत्रकारों एवं उनके परिवारों के उत्थान के लिए जार की यह पहल अलवर में स्वागत योग्य रही।

## श्रीश्याम आराधना



श्री श्याम आराधना मंडल की ओर से श्याम बाबा का जागरण स्कीम नंबर 8 गांधी नगर में संपन्न हुआ। भजन कलाकार राहुल ब्रजवासी व कमल कान्हा ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी।

# 'यादें कैफी' संगीत संध्या में आकर्षक प्रस्तुतियां

**अलवर, 12 मई ( निसं )।** इप्टा अलवर इकाई ने आईएमए हॉल, हॉस्पिटल रोड, अलवर में गीतकार कैफी आज़मी की स्मृति में 'यादें कैफी' संगीत संध्या आयोजित की। इस कार्यक्रम में भारत के चर्चित गीत रचयिता कैफी आज़मी एवं साहिर लुधियानवी द्वारा लिखित गीतों व गजलों का मंचन अलवर के ख्यातनाम कलाकारों ने किया। संयोजिका मंजू चौहान के निर्देशन में कलाकार सचिन सिंह, प्रेम सिंह राठौड़, सरला जैन, सीए राजीव अग्रवाल, विनय चावला, राजेश गुप्ता, सुनील गौतम, संजय बांगा, सुमन शर्मा, आदित्य, संजीव कुमार, मोहित खंडेलवाल इत्यादि ने अपनी सुरीली आवाज़ में उत्कृष्ट प्रस्तुतियाँ दीं।

कार्यक्रम में सुधि श्रोताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इप्टा के कला एवं साहित्य सचिव प्रदीप माथुर के निर्देशन में कैफी आजमी पर आधारित एक चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसने उपस्थित दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

विशिष्ट अतिथि राजस्थान इप्टा अध्यक्ष जगदीश शर्मा, अलवर इप्टा अध्यक्ष कान्ति जैन, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह, प्रदीप माथुर, संदीप शर्मा, राजीव शर्मा,



अनिल नागर, मुक्ता मिश्रा, मनोज जैन, नारायण मुटरेजा, संजय सैनी, अखिलेश कुमार आदि संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अतिथि के रूप में राजेश खंडेलवाल, लोकेश गुप्ता व संजय जैन ने श्रोताओं का अभिवादन स्वीकार किया।

प्रारंभ में सचिव राजेश महिवाल ने अतिथियों एवं दर्शकों का स्वागत किया, तथा समापन पर अध्यक्ष कान्ति जैन ने कलाकारों एवं श्रोताओं को स्मृति चिन्ह और आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

## ग्राम पंचायत स्तर पर किसान गोष्ठियों 12 जून तक

**कोटपूतली-बहरोड़, 12 मई ( निसं )।** कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन की जानकारी घर बैठे उपलब्ध कराने हेतु 12 मई से 12 जून 2025 तक ग्राम पंचायत स्तर पर किसान गोष्ठियां आयोजित की जा रही है।

संयुक्त निदेशक कृषि महेंद्र जैन ने बताया कि गोष्ठियों में किसानों को मिटटी में उपलब्ध पोषक तत्वों के आधार पर फसलवार संतुलित उर्वरक दिये जाने, डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट, एनपीके उर्वरकों, जिप्सम, जैविक उर्वरकों नेनो यूरिया व डीएपी के उपयोग की जानकारी दी जायेगी। साथ ही किसानों को गर्मी की गहरी जुताई, संतुलित उर्वरकों के उपयोग, नेनो यूरिया व डीएपी के उपयोग से होने वाले लाभ के संबध में भी विस्तार से अवगत कराया जायेगा।

# हॉस्पिटल में बुज़ुर्ग मां की पीड़ा पर बना रक्तवीर

**अलवर, 12 मई ( नसं )।** मदर्स डे पर जब दुनिया अपनी मां को याद कर रही है, किशनगढ़बास के संदीप अग्रवाल एक ऐसी 'मां' को प्रणाम कर रहे हैं, जिसने उन्हें जीवनभर के लिए इंसानियत की राह पर चला दिया।

साल 1995 में संदीप अग्रवाल ने 12वीं कक्षा में पढ़ते हुए 12 साथियों के साथ एक रुपए प्रतिदिन बचाकर समाज सेवा की शुरुआत की। शुरुआत 'क्राइम रिजेक्टर फोर्स' नाम से की गई, जिसे बाद में उपखंड अधिकारी की सलाह पर 'मानव कल्याण समाजसेवी संस्थान' नाम दिया गया।

**मां की पीड़ा से बदली सोच :** 19 मई 2000 को जब संदीप ने पहली बार अपने चाचा को रक्तदान किया और एसएमएस अस्पताल पहुंचे, तो बाहर निकलते समय



एक बुज़ुर्ग महिला ने उनका हाथ पकड़कर कहा-डॉक्टर साहब, मेरे पोते को बचा लो!

संदीप ने तुरंत रक्तदान किया, और दवा के पैसे भी स्वयं दिए। उस मां के आशीर्वाद ने उनकी सोच और जीवन दोनों बदल दिए।

**अब तक 37 रक्तदान शिविर और 73 बार खुद रक्तदान :** संस्था ने 1 जनवरी 2004 को पहला रक्तदान शिविर लगाया, जिसमें 50 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। आज तक 37 शिविर आयोजित हो चुके हैं। खुद संदीप अग्रवाल अब तक 73 बार रक्तदान कर चुके हैं। संस्था ने 5000 से अधिक नए रक्तदाता तैयार किए हैं।

ENT ऑपरेशन से लेकर कोरोना सेवा तक संस्था ने अब तक 3000 से अधिक कानों के ऑपरेशन ENT शिविरों के ज़रिए करवाए हैं। कोरोना काल में 780 परिवारों तक राशन पहुंचाया, 50 घर गोद लेकर भोजन की व्यवस्था की और 150 जरूरतमंदों को सहायता दी।

**परीक्षार्थियों से लेकर पक्षियों तक सेवा :** संस्था परीक्षा देने आने वाले छात्रों के लिए निःशुल्क भोजन-पानी की व्यवस्था करती है। बच्चों को स्टेशनरी, गर्म कपड़े, पक्षियों के लिए परिंडे, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण और गौशालाओं तक में सहयोग देती है।

**सम्मान नहीं, सेवा प्राथमिकता :** संदीप को दो बार जिला कलेक्टर और पांच बार उपखंड अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया है। बावजूद इसके संस्था प्रचार से दूर रहकर शांति से अपना काम करती है।

## सार समाचार

### अलवर रेलवे जंक्शन पर सुविधाओं का टोटा

**अलवर, 12 मई ( निसं )।** वर्तमान में अलवर जंक्शन पर 78 जोड़ी ट्रेनों का ठहराव हो रहा है, जिनमें से 46.72 ट्रेनें प्रतिदिन औसत रूप से संचालित हो रही हैं। प्रत्येक ट्रेन में प्रतिदिन औसतन 211 यात्री सफर कर रहे हैं, जिससे रेलवे को प्रति ट्रेन 28,728 रुपये की आय हो रही है। कुल मिलाकर, अलवर जंक्शन पर प्रतिदिन 19,681 यात्री आवागमन कर रहे हैं।

अलवर जंक्शन पर प्रतिदिन 7,995 यात्री अनारक्षित टिकट से यात्रा करते हैं, जिससे रेलवे को 4,82,949 रुपये की आय होती है। वहीं, 1,846 यात्री प्रतिदिन आरक्षित टिकट से यात्रा करते हैं, जिससे 8,59,201 रुपये की आय प्राप्त होती है। इस प्रकार, कुल 9,840 यात्रियों से रेलवे को प्रतिदिन 13,42,150 रुपये की आय हो रही है। यह जानकारी सूचना के अधिकार (RTI) के तहत प्राप्त हुई है।

हालांकि रेलवे को अलवर जंक्शन से अच्छी खासी आय हो रही है, लेकिन यात्रियों को आवश्यक सुविधाओं का अभाव झेलना पड़ रहा है। स्टेशन पर न एस्केलेटर है, न लिफ्ट, न कोई सैटेलाइट या उपनगरीय स्टेशन है और न ही अलवर-मथुरा रेलखंड में लंबी दूरी की ट्रेनों की संख्या में कोई वृद्धि हुई है।

अलवर से सांसद और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा भी पिछले एक साल से रेलवे से जुड़े मुद्दों पर कोई विशेष पहल नहीं की गई है। स्टेशन के पुनर्विकास के लिए केवल 20.61 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जो अपर्याप्त प्रतीत होती है।

इसके अलावा, अलवर जंक्शन पर राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव भी अब तक सुनिश्चित नहीं किया गया है। यह स्थिति तब है जब केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव महाराष्ट्र चुनाव के दौरान रेल मंत्री के साथ थे, लेकिन अलवर को रेलवे में कोई बड़ी सुविधा नहीं मिली।

### दिव्येंदु शर्मा को लोकसभा क्षेत्र प्रभारी बनाने पर स्वागत



**अलवर, 12 मई ( निसं )।** आम आदमी पार्टी की जिलास्तरीय बैठक राज सभागार, बर्फखाना रोड, अलवर में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव विश्वेंद्र चौधरी और लोकसभा प्रभारी दिव्येंदु शर्मा उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जगन्नाथ गोयल ने की।

बैठक में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिव्येंदु शर्मा को लोकसभा प्रभारी अलवर और जगन्नाथ गोयल को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर उनका माल्यार्पण और साफा पहनाकर स्वागत किया।

बैठक में अतर सिंह, मनोज चंद्रवल, सब्बीर खान, नितेश शर्मा, उमाशंकर सैनी, डॉ. सुरेंद्र चौधरी, निखिल मीणा, श्यामलाल जाजोरिया, विनोद कुमार, सतीश कुमार, कुलदीप, महावीर सिंह, सुबेदीन खान, राजेंद्र कुमार, शमशेर खान, महेश तासा, कमलेश कुमार, कमलकांत जांगिड़, देवेन्द्र जाटव आदि मौजूद रहे।

### धर्मरक्षकों का दो दिवसीय परिचय वर्ग संपन्न



**अलवर, 12 मई ( निसं )।** विश्व हिन्दू परिषद धर्म प्रसार जयपुर प्रांत के अलवर, डीग व भिवाड़ी जिला के धर्मरक्षकों का दो दिवसीय परिचय वर्ग कार्यक्रम का समापन केशव कृपा संघ कार्यालय अलवर में हुआ।

विहिप अलवर जिला मीडिया प्रभारी अवधेश माथुर ने बताया कि कार्यक्रम में प्रांत धर्मप्रसार प्रमुख सीएम भार्गव ने कार्यकर्ताओं को ग्रामीण क्षेत्र तक ग्राम टोलियों का गठन कर सत्संग प्रारंभ करवाने के निर्देश दिये जिससे सनातन संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन हो सके। सह प्रमुख बहादुर सिंह ने कार्यकर्ताओं से गत माह में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्राप्त किया एवं विहिप जिला मंत्री विजेंद्र खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को अपने अपने क्षेत्र में प्रभावी कार्य करने की रीति नीति से अवगत कराया।

इससे पूर्व सकल वर्ग का शुभारंभ विहिप के केंद्रीय सह मंत्री गुलाब सिंह द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, गुलाब सिंह ने अपने उद्घाटन उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि पूर्व में अनेक लोगों ने किन्हीं कारणों से अपना मत बदलते हुए मतांतरण किया है जबकि उनके पूर्वज तो जो पहले थे आज भी वे ही है। हमें प्रयास कर उनकी सहज घर वापसी करवानी चाहिए। रात्रि के सत्र में कार्यकर्ताओं को सत्संग पद्धति का अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम में जिला धर्म प्रसार प्रमुख एडवोकेट सिद्धार्थ शर्मा, सह प्रमुख पुष्पेंद्र कश्यप एवं प्रमोद सैनी उपस्थित रहे।

### एकता मंच ने भरा भात

**बहरोड़, 12 मई ( निसं )।** कस्बे में पिछले कई वर्षों से एकता मंच द्वारा विभिन्न सामाजिक सरोकार में सहयोग का काम किया जा रहा है। उसी कड़ी में रविवार को एकता मंच द्वारा मानवता को एक ऐसी ऊंचाई पर पहुंचा दिया जहां व्यक्ति सोच से परे है।



गांव शिमला श्यामपुर में शकुंतला देवी जिनके पीहर पक्ष में उनका भात भरने के लिए भाई नहीं है वहीं संरक्षक वेद यादव द्वारा शकुंतला देवी की बेटियों के विवाह पूर्व भात पर शादी में एक नई खुशी का माहौल बना दिया तथा संरक्षक वेद यादव द्वारा बताया गया कि राजस्थान में शादी में बहन को उपहार देने की एक प्रथा है। जिसका उद्देश्य बहन की ससुराल में बहन का मान सम्मान में वृद्धि हो, इसे भात भरना कहते हैं। एकता मंच बहरोड के अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, महासचिव मोनू यादव, सचिव अक्षय गुर्जर, रोहिताश वर्मा, महिला महासचिव मिकी, रोशनी यादव, सुनीता यादव एवं एकता मंच बहरोड़ के सदस्य उपस्थित रहे।

### डा. अम्बेडकर विचार मंच के पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

**कोटतपूली-बहरोड़, 12 मई ( निसं )।** डा. अम्बेडकर विचार मंच समिति कोटपूतली ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष पद तथा ब्लॉक सचिव के निर्विरोध चुनाव संपन्न हो गये।



डा. अम्बेडकर विचार मंच समिति कोटपूतली ब्लॉक की आम सभा रविवार को डा. अम्बेडकर छात्रावास रामसिंहपुरा कोटपूतली में जिला अध्यक्ष पूरन सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। आम सभा में आरएस झाझरिया को मुख्य चुनाव अधिकारी, रतिराम जिलाआ व बुधराम को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। जिनकी देखरेख में चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हो गये। अध्यक्ष पद पर जगदीश मेघवाल व ब्लॉक सचिव पद पर दुलीचन्द आर्य को निर्विरोध चुन लिया गया। यह चुनाव प्रक्रिया प्रदेश मुख्य महासचिव बनवारी लाल मेहरड़ा एवं समाज के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## सार समाचार

### अर्पण सेवा फाउंडेशन ने मदर्स डे पर परिंडे लगाए

**बहरोड़, 12 मई ( निसं )।** अर्पण सेवा फाउंडेशन ने मदर्स डे के उपलक्ष्य में पंछी मित्र अभियान के अंतर्गत ऊटोली गांव के द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर परिसर में व भुंगारका ग्राम में पंछियों के लिए परिंडे लगाए गए।

फाउंडेशन सचिव कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि अर्पण सेवा फाउंडेशन अपने पंछी मित्र अभियान को लगातार जारी रखते हुए आज मदर्स डे के उपलक्ष्य में ग्रामीण वासियों के सहयोग से दोनों ही स्थान पर परिंडे वितरण करके पंछियों के लिए पानी, दाना-चुग्गा की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण गतिविधि के जिला संयोजक नवीन शर्मा रहे।

नवीन शर्मा ने कहा कि अर्पण सेवा फाउंडेशन प्रकृति संरक्षण व जीव जंतुओं की सेवा के लिए जो कार्य कर रही है, वह साधुवाद की पात्र है, अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पंछी मित्र अभियान से जोड़कर अपने-अपने घरों पर छोटे जीव जंतु पंछियों के लिए पानी के परिंडे व दाना चुग्गा की व्यवस्था करनी चाहिए, यही हम सब मनुष्यों का कर्तव्य व सनातन धर्म है, साथ में इसी प्रकार सेवा कार्य में फाउंडेशन आगे बढ़े, इसकी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान फाउंडेशन अध्यक्ष ओम यादव, कोषाध्यक्ष बीरेंद्र कुमार प्रजापति, फाउंडेशन के सदस्य कृष्ण कुमार यादव, महेंद्र यादव, वीरेंद्र प्रजापति, सोमेंद्र कुमार, अशोक कुमार वैद्य, संदीप कुमार, एडवोकेट भूपेंद्र सिंह, संदीप कुमार यादव, डॉ राजकुमार वर्मा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### यूनिक स्कूल में मदर्स-डे संपन्न



**बहरोड़, 12 मई ( निसं )।** कस्बे के भृतहरि मंदिर रोड स्थित यूनिक ग्रुप ऑफ एजुकेशन बहरोड़ के प्रांगण में रविवार को मदर्स डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्कूल चेयरमैन डॉ. सुमित यादव ने बताया यह दिन विद्यालय के लिए केवल एक उत्सव नहीं बल्कि मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा, सम्मान और सशक्तिकरण की भावना को सजीव करने का अवसर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। जिसमें प्रधानाचार्य निरंजन सिंह एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी माताओं के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें गीत, कविता, नृत्य एवं नाट्य के माध्यम से मां के योगदान को उजागर किया गया।

इस अवसर पर डॉ. सुमित यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि माँ केवल शब्द नहीं, एक ऊर्जा है, एक सृजन है, एक जीवन का मूल आधार है। समारोह के माध्यम से यूनिक संस्थान ने समाज में माँ के सम्मान को सर्वोपरि रखते हुए एक नई परंपरा की शुरुआत की है।

कार्यक्रम में 175 से अधिक माताओं की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई, जिन्हें स्मृति चिन्ह व पुष्प देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें स्कूल के मिशन से जोड़ा गया, जिससे वे बच्चों के भविष्य निर्माण की इस यात्रा में भागीदार बन सकें।

इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. सुमित यादव, प्रिंसिपल निरंजन सिंह, मैनेजमेंट से नीरज चौधरी, धर्मवीर शास्त्री, संजय, वेद प्रकाश, आशा शर्मा, निशा शर्मा, रीना, मनीषा, गुंजन व स्टाफ तथा विभागगण उपस्थित रहे।

### बहाला में माता का जागरण और भंडारा

**अलवर, 12 मई ( निसं )।** निकटवर्ती बहाला गांव स्थित क्षमा शंकर गिरी आश्रम में शनिवार रात माता का जागरण आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रात्रिभर माता के भजनों और कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

रविवार दोपहर भंडारे का आयोजन किया गया, जहां आसपास के ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह ने भी उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण की और आयोजन की सराहना की। यह आयोजन बहाला मंदिर कमेटी एवं गांववासियों की ओर से प्रत्येक वर्ष जनसहयोग से संपन्न कराया जाता है। मंदिर कमेटी के सदस्य बृजमोहन गुप्ता और गोरधन प्रजापति ने बताया कि जागरण कार्यक्रम वर्षों से अनवरत जारी है। इस अवसर पर अलौकिक ज्योत प्रज्वलित की गई और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने माता की आरती में भाग लिया।

### बर्डोद व ढ़िस में सिलाई प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**बहरोड़, 12 मई ( निसं )।** संतोष देवी चेरीटेबल ट्रस्ट जखराना एवं भावना बाल पर्यावरण एवं शिक्षा संस्थान खोहर द्वारा चलाये जा रहे नगरपालिका बर्डोद एवं ग्राम ढिस में जीवन कौशल शिक्षा अभियान के अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण शिविर का रविवार को शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ शानू यादव प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा भाजपा राजस्थान रही। डॉ शानू यादव ने बताया कि राठ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अधिक से अधिक महिला परिवारों को इस मिशन से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने व अपने परिवार के विकास में सहयोग दें। सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की शुभकामनाएं। ट्रस्ट के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांव में सामाजिक उत्थान, खेलकूद व महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में मदन मोहन, शिवराज सिंह चौहान, रामपाल, बिजेंदर, राकेश, राजेश, संदीप, मोहन, अजीत, राहुल, सुमन देवी, शालू देवी, निशा शर्मा, सीमा बाई, सरोज, ममता, अनीता, पूजा, कविता, राजेश, विमला देवी, मेवा देवी व प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सैकड़ों से अधिक महिलाएं व गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 59 प्रकरणों का निस्तारण



**थानागाजी, 12 मई ( निसं )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति, थानागाजी में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, नरेंद्र मीना ने की। कार्यक्रम में तहसीलदार थानागाजी, मोहित पंचोली, पैनल अधिवक्ता, ख्यालीराम, रीडर राम अवतार सैनी, तालुका सचिव अमन वर्मा, रविंद्र मौर्य, मनोज शर्मा, केशव खोज सहित अन्य न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्री-लिटिगेशन एवं विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों का राजीनामा कर 59 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। कुल 1,16,500 रुपए के पुरस्कार (अवॉर्ड) जारी किए गए, जिससे न्यायिक विवादों का समय रहते समाधान सुनिश्चित हुआ।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सरोज शर्मा के लिए सांध्य ज्योति दर्पण प्रिंटर्स, डी.एल.टॉवर3-ए, विद्याश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित करा कर सांध्य ज्योति दर्पण कार्यालय केडलगंज , अलवर से प्रकाशित है। संपादक सी.पी. सैनी, फोन नं. 0144-2335105, 2701531 जयपुर कार्यालय : संसार चन्द्र रोड, जयपुर, सम्पादक : महेन्द्र यादव - फोन : 2364412, 2361816, फैक्स : 0141-2361816। नागौर कार्यालय - 1/44 व्यास कॉलोनी, नागौर - सम्पादक : रमेश जैन, फोन : 240071 फैक्स- 01582-240071, भरतपुर कार्यालय - कोतवाली रोड, भरतपुर- सम्पादक : जगदीश अग्रवाल, फोन : 223780, पोस्टल रजि.नं. आरजे-779, आरएनआई नं. 48648/90